(क़ामूस–माद्दह, जिल्द–5)

मुहतरम भाईयों, दोस्तों और बुर्जुगों! यह शरई जिहाद है। इसमें हर तअरीफ़ में काफ़िरों से लड़ने का लफ्ज़ मौजूद है। लिहाज़ा जो शरह ने समझाया और फिर सलफ़ ने समझकर तअरीफ़ की है और किताबों में मौजूद है उसी पर ऐतमाद (भरोसा) रखो और किसी के ख़ुतबात या बेजा तावीलात से धोखा न खाओ।

जिहाद की फिर दो क़िस्में हैं।

एक इक़दामी है, जिसके लिये चन्द शराईत फुक्ह–ए–किराम ने बयान की हैं जो दर्जे–ज़ैल हैं:

(1) सरपरस्त की इजाज़त हो।

(2) बअज़ के यहां ताक़त का तवाज़ुन(सन्तुलन) हो।

(3) अमीर आम हो।

(4) दअवते–इलल–इस्लाम हो, याद रहे जिहाद जिस दअवत पर मौक़ूफ़ है, उसके तीन जुम्ले हैं

(1) इस्लाम क़ुबूल कर लो (2) जिज़्या दो, अगर नहीं .....

(3) तो क़िताल के लिये तैयार हो जाओ!

यह दअवत भी उन लोगों के लिये ज़रूरी है जो किसी तौर पर इस्लाम से वाक़िफ़ ना हों और न उन्होंने इस्लाम का नाम सुना हो, लेकिन जिन लोगों को एक बार दअवत पहुंची है या **उन्होंने किसी नश्रयाती ज़रिये(रेड़ियो, टी.वी व अख़बारात) से इस्लाम का नाम सुना है**, *उनको दोबारा मैदाने–जिहाद में दअवत देना सिर्फ़ मुस्तहब है।*

आजकल दअवतो–तब्लीग़ के नाम से जो एक अमल चल रहा है उसका दायरा–

ए–कार सिर्फ़ मुसलमानों में है और इस्लाहो–रहनुमाई और तरग़ीब तक महदूद है। यह वअज़ो–नसीहत व ख़ैरख़्वाही है,जिहाद वाली दअवत नहीं है और ना जिहाद वाली दअवत के साथ उसकी कोई मुशाबिहत(समानता)है।

बहरहाल,जिहाद की यह क़िस्म इक़दामी व हुजूमी है,जो फ़र्ज़े–किफ़ाया के दर्जे में है यानि यह जिहाद दुनिया भर में कहीं ना कहीं ज़रूर होना चाहिए वरना सारी उम्मत गुनाहगार हो जाएगी। गोया यह एक फ़रीज़ा है जो पूरी उम्मत के जिम्मे है।

जिहाद की ***दूसरी*** क़िस्म दिफ़ाई है कि कुफ़्फ़ार ने किसी इस्लामी खित्ते पर हमला किया हो और मुसलमान दिफ़ाअ में लड़ रहे हों,अगर वो नाकाफ़ी हों तो रफ़्ता–रफ़्ता पूरी दुनिया के मुसलमानों पर जिहाद फ़र्ज़े–ऐन हो जाता है। इस क़िस्म के जिहाद के लिये कोई शर्त नहीं ...

एक ज़रूरी बात यह भी समझ लें कि जिहाद की तअरीफ़ में बअज़ उल्माअ ने जिहाद की बअज़ अन्वाअ (क़िस्मों)का ज़िक्र भी किया है यानि जिहाद की,

एक क़िस्म, जिहाद–बिल–माल है

दूसरी क़िस्म,जिहाद–बिल–लिसान है

तीसरी क़िस्म, जान से जिहाद करना है।

अर्ज़ यह है कि ***जिहाद बिल लिसान वोह है जिससे मैदाने–जिहाद का फ़ायदा हो यानि जिहाद की तरग़ीब हो,तक़रीर हो,फ़ज़ाईले–जिहाद का तज़किरा हो,जिहाद से मुत्तालिक़ जोशीले अशआर हों और जानदार नज़्में हों,कुफ़्फार को धमकियां हों,पुरसोज़ ललकार हो,यह जिहाद बिल लिसान है।*** ना कि यह कि वो घण्टे–घण्टे भर तक़रीरें व बयान तो खाने–पीने और पहनने के आदाब पर हो और फिर कहा जाए कि मैंने जिहाद बिल लिसान किया। यह नेक काम तो हो सकता है लेकिन जिहाद बिल लिसान नहीं।

इसी तरह ***जिहाद बिल माल यह है कि आपके माल से मैदाने–जिहाद और मुजाहिदीन को फ़ायदा पहुंच***,ना कि यह कि आपने किसी फ़क़ीर को पैसा–ज़कात अदा किया और फिर कहा कि मैंने जिहाद बिल माल किया,यह नेक काम तो है लेकिन जिहाद बिल माल नहीं।

इसी तरह बाक़ी चीज़ों के बारे में सोच लीजिए कि ***जान से जिहाद यह है कि उस जान को मैदाने–जिहाद में लगा दो और उस मुक़द्दस अमल में उसे खपा दो।*** जिहाद बिल नफ़्स यह है कि जिसमें नफ़्स वास्ता और ज़रिया व अअला बन जाए,उसी मैदाने–जिहाद के लिये! ना कि यह कि मैदाने–जंग तो ख़्वाब में भी ना देखा हो और कहता फिरता हो कि मैं मुजाहिद हूं,जिहाद कर रहा हूं। और अगर हर नेक अमल करने वाले को आप मुजाहिदे–शरई कहेंगे तो फिर यक़ीनन(**फ़ज़्ज़लल्लाहुल मुजाहिदीना अ़लल क़ाईदीना अजरन अ़ज़ीमा**)(अल्लाह तआला ने मुजाहिदीन की फ़ज़ीलत बख़्शी है,जिहाद से पीछे रह जाने वालों पर,एक बड़े अज्र के ज़रिये) का मफ़हूम समझना मुहाल हो जाएगा,कि मुजाहिद का दर्जा बैठने वाले के मुकाबले में बड़ा है,क्योंकि बैठने वाले भी सहाब–ए–

किराम रज़ि.थे,जिनके अअमाल सौ फ़ीसदी सही थे,तहज्जुदगुज़ार थे,रोज़ेदार थे,हर इबादत में मशग़ूल थे,उनको इस हालत में मुजाहिदीन क्यों नहीं कहा गया,बल्कि मुजाहिदीन की सफों से उस वक़्त उनको ख़ारिज क्यों किया? और सिर्फ़ उनको मुजाहिद क्यों क़रार दिया गया जो कुफ़्फ़ार के मुक़ाबले में निकले थे? मअलूम हुआ कि मैदाने–जिहाद में जानेवाला मुजाहिद होता है,हर आबिद मुजाहिद नहीं होता !

मेरे भाई और मेरे दोस्त ! जिहादे–शरई करने वाले को मुजाहिद कहो। जिहादे–लुग़वी यानि किसी नेक मेहनत जिसमें जिहाद जैसा सवाब मिल जाता हो तो यही ग़नीमत है कि जिहाद के सवाब की तरह उनको सवाब हासिल हो गया। ना कि यह कि वो खुद ब खुद मुजाहिद बन गया कि जहाज़ के क़रीब भी ना गया हो और वो पायलट बन गया। आजकल तो इस मुक़द्दस लफ़्ज़ (जिहाद) को खेल तमाशा बनाया जा रहा है। कहते हैं कि मच्छर के खिलाफ़ जिहाद,मलेरिया के खिलाफ़ जिहाद,नाख्वान्दगी के खिलाफ़ जिहाद,जनसंख्या के खिलाफ़ जिहाद,महंगाई के खिलाफ़ जिहाद,वगैरह–वगैरह। और कभी उन्हें यह कहने की जुर्रात ना हुई कि ***अमेरिका के खिलाफ़ जिहाद, रूस–बरतानिया–डेनमार्क व आस्ट्रेलिया के खिलाफ़ जिहाद, इज़राईल के खिलाफ जिहाद, और हर सरकश, ताग़ूत, काफिर, मुश्रिक के खिलाफ़ जिहाद !***

(जंगे–खन्दक, अज़ मौलाना फ़ज़ल मुहम्मद, सफ़ा–13)

इसी तरह जिहाद फ़ी सबीलिल्लाह की **जम्हूरी** तअबीर भी अस्रे–नौ का एक बड़ा अलमिया(दुखद पहलू) है। इससे कौन इन्कार कर सकता है कि जम्हूरी अमल अवाम की सोच और ख़्वाहिशात को पूरा करने के लिये अवाम की नुमाइन्दगी का नाम है। ख्वाहिशात की यह मुहब्बत अवामुन्नास(आम लोगों) के लिये एक पसन्दीदा चीज़ बना दी गई है

زُيِّنَ لِلنَّاسِ حُبُّ الشَّهَوَاتِ (14)

(ज़ुय्यिना लिन्नासि हुब्बुश्शहवात.) *(आले–इमरान–14)*

जबकि जिहाद अल्लाह के कलमे की सरबुलन्दी और फ़ित्ने के खात्मे के लिये आग व ख़ून से गुज़रने और क़ुबानियां देने का नाम है और यह काम इन्सान को तब्अन नागवार है।

وَهُوَ كُرْهٌ لَّكُمْ (216)

(वहुवा कुरहुल्लकुम) *(अलबक़रह–216)*

अब भला लोगों को उनकी ख़्वाहिशात की तकमील की जद्दोजहद में मुनहमिक करना,उनसे जानो–माल की क़ुर्बानियां लेने की तरह कैसे हो सकता है ? और यह बात तो अमलन भी नज़र आती है कि जम्हूरी अमल,अपने शुरकाअ के **मेअयारे–ज़िन्दगी** को बढ़ाता है,जबकि जिहाद फ़िक्रो–क़नाअत की आज़माइश लाता है। कहां, उस्व–ए–रसूल (ﷺ)

जिसकी पैरवी दुनिया की मुहब्बत को दिल से निकालती है और कहां मुस्लिम मुआशरों में मेअयारे–ज़िन्दगी को बुलन्द करने की खातिर चलाई जाने वाली जम्हूरी जद्दोजहद, जिसमें माद्दी तरक्की(ऐशो–इशरत)असल ज़िन्दगी है,जहां मफ़ादात ही वो पैमाना हैं जिस पर रियासत व जम्हूर के तअल्लुक़ को परखा जाता है,हाकिम व मुहकम(राजा व प्रजा)के दरमियान यही रिश्ता है,क़यादत और अवाम के बीच यही मीसाक़े–वफ़ा है जो उसे पूरा करे,उसकी हिमायत की जाएगी। जो अवाम की झोली को मराआत व सहूलियात से ना भर सके उसका अमल काबिले–इत्तिबाअ नहीं। सारा जम्हूरी फलसफ़ा और उस छतरी के तहत क़ायम इदारे और एनजीओज वगैरह भी इसी अक़ीदे के फ़रोग़ का वसीला हैं।

हक़ीक़त में अमल को **इन्सानी बहबूद** (मानव–विकास)वगैरह के खुशनुमा नाम देकर उम्मत को बड़े मक़ासिद से दूर कर दिया गया है। अव्वल तो यह सारी **फलाही** मुहिमात(लफ़्ज़े–फ़लाही का इससे बढ़कर ग़लत इस्तेमाल मुम्किन नहीं)बिलअसल सरमायादारी(पूंजीवाद) के फ़रोग़,मुखालिफ़ते–शरअ और अहले–मग़रिब की इक़दार (सत्ता) की तरवीज के लिये होती हैं ताहम, अगर **अवामी बहबूद** (अवाम की तरक्की)के नाम पर नेकी कर भी रहे होते हैं तो उस ख़ैर से जो शर,वो हासिल करना चाहते हैं वो सिर्फ़ इतना है कि हमें फ़िक्रे–दुनिया में मशग़ूल कर दिया जाए,हम माद्दी तरक्की की दौड़ में मगन हो जाएं,और उन मुहिमात से अलग रहें जो कुफ़्र की हुक्मरानी को दुनिया में चैलेन्ज करती हों और जिनसे उम्मते–मुस्लिमा के दिफ़ाअ का अहतिमाम किया जा सकता हो।

चन्द अरब डॉलर के खिलौने(जिन्हें तरक्कीयाती मन्सूबों का नाम दिया जाता है) उनसे अगर इस उम्मत,दअवत के क़ायदीन बनते हों,उसके नौजवानों को मुतबादिल(इसके बदल की)मसरूफ़ियात मिल जाती हों,उसकी ख्वातीन को(**व क़र्नी फ़ी बुयूतिकुन्ना**) ***और अपने घरों में ठहरी रहा,*** के बजाय अवामी खिदमत के नाम पर घरों से निकाला जा सके,हमारे बच्चों के लिये सेक्यूलर मग़रिबी तअलीमी इदारों के जाल फैलाए जा सकें,तो मग़रिब के लिये नुकसान किस बात का ? जो काम **कोडों (सजा)**से ना हो सकें उन्हें **तोड़ों(पैसों)** से हल करना अहले–मग़रिब ने सीख लिया है। दिल और दिमाग़ को डॉलर के ज़रिये फ़तह करने का यह सलीबी व सहयूनी मन्सूबा पूरे आलमे–इस्लाम में जारी है। ग्दी ज़राए से हमारा ही सरमाया लूटकर हमें ज़िल्लत के निवालों की सूरत में खिलाया जा रहा है। **सरमाया,** ***यहूदो–नसारा हमें पहले भी देते थे,लेकिन जिज़्ये की सूरत में,उस दौर में जब ख़िलाफ़त क़ायम थी,शरियत ग़ालिब थी,और इस तौर से देते थे कि*** **(अय्यँदिवं वहुम साग़िरून)** ***अपने हाथों से और ज़लील होकर,*** और फ़ुक्हा–ए–किराम के बक़ौल,इस हुक्मे–इलाही को पूरा करने के लिये किसी ज़िम्मी को मुलाज़िमत के ज़रिये उसे भेजने की इजाज़त नहीं होगी बल्कि ***वो खुद आएगा और इस हालत में जिज़्या अदा करेगा कि वो खड़ा होगा और वसूल करने वाला मुसलमान बैठकर वसूल करेगा।***

मुस्लिम मुआशरों में **मग़्रिबियत** की अलमबरदारी करने वाले माद्दी तरक्की की मुहिमात को बड़ी इबादत क़रार देकर,मुसलमानों को सरमायादारी निज़ाम के कारिन्दे बनाकर शउरन या लाशउरन उन्हें अपने दिफ़ाअ और जिहाद जैसी अज़ीमुश्शान इबादत से दूर रख रहे हैं। कुफ़्र की यलग़ार और फ़ित्नों से बेपरवाह होकर मसाईल के हल की जद्दोजहद और **सहूलियात** की फ़राहमी की मुहिमात में ज़िन्दगियां पिघला देना ऐसे ही हैं जैसे हम सांपों से बेपरवाह होकर जंगल से फूल चुनने लग जाएं। ज़ाहिर है सांपों की खुशी भी इसी में है लेकिन उसका क्या कीजिए कि फूलों ने मुरझाना है,सांपों ने अपनी रविश तर्क नहीं करनी,और खुद जंगल को एक दिन चटियल मैदान बन जाना है ! फिर इस सब कुछ का हतमी नतीजा **ख़सिरद्दुनिया वल आख़िरा** के सिवा और क्या निकलेगा?

अगर लोगों को **तरक्की** दिलाना,उनके माद्दी मसाइल हल करना,उनके मेअयारे–ज़िन्दगी को बुलन्द करना ही जिहाद होता तो इस्लाम के अहदे–ज़र्रीं में रसूलुल्लाह (ﷺ) और सहाबा–ए–किराम रिज़्वानुल्लाह अलैहि अज़मईन ***बनु नज़ीर, बनु क़ुरैज़ा (यहूदो–नसारा की बस्तियों) से निपटने और तबूको–ताइफ़ के मअरके सर करने के बजाय(मआज़अल्लाह–अल्लाह की पनाह)ऐसा लायहिय–ए–अमल (तर्ज़े–ज़िन्दगी)देते कि जिसमें पहले मदीने की गलियों को कुशादा व हमवार किया जाता, चौराहों में कुमकुमे और मशअलें रोशन होतीं,सड़कों और पुलों की इफ्तिताही तक़रीबात मुनअक़िद की जातीं,तिजारती मेलों को फरोग़ मिलता,और कुछ नहीं तो कम से कम मस्जिदे–नबवी (ﷺ) के सुतूनों और फर्श ही को पक्का कर लिया जाता ! (ओ तरक्की के अलमबरदारों !कुछ तो तुम्हारे पास इस बात का जवाब ज़रूर होगा?)***

ईमान की उस मिसाली बस्ती में अगर कोई ज़रूरी इन्तिज़ामी काम हुए भी तो मेअयारे–जिन्दगी बुलन्द करने के लिये नहीं हुए। हुए भी तो ताग़ूतों के सूदी क़र्ज़ों की बुनियाद पर नहीं हुए,यहूदो–नसारा की मुशावरतों और तरबियती **वर्कशापों** के ज़ेरे–साए नहीं हुए,कुफ़्फार को अपने बराबर की कुर्सियों पर बैठाकर नहीं हुए,ना ही ऐसे आलम में हुए कि **इस्लाम** और उसके क़वानीन मग़लूब हों,मुस्लिम सरज़मीनों पर सलीबियों और सहयूनियों ने लश्करकशी कर रखी हो,मुसलमान क़ैदियों से कुफ़्फार के अक़ुब्बत–खाने(जेलखाने) आबाद हों,यहूद अर्ज़े–मुक़द्दस पर क़ाबिज़ हों,बल्कि यह नागुज़ीर इन्तिज़ामी काम तब हुए जब मअलूम दुनिया का दो–तिहाई हिस्सा इस्लाम के कब्ज़े में था,अल्लाह का दीन ग़ालिब था,इस्लामी सरहदें महफ़ूज़ो–मामून थीं और ***दुनिया में कोई एक मुसलमान ऐसा ना था जिसे काफ़िरों ने कमज़ोर पाकर दबा रखा हो।***

आज जबकि पौने–दो अरब के क़रीब मुसलमान सबके सब मुसतज़अफ़ीन (लकवे के मारों) की सी ज़िन्दगी गुज़ार रहे हों,इस्लाम के क़वानीन सिर्फ़ किताबों में हों,हमारे बारे में पॉलिसियां सात समुन्दर पार से बनकर आती हों,ऐवानों में ***शरीअत के***

सिवा हर **भलाई** पर बात हो सकती हो,हिन्दू–मुस्लिम–सिक्ख–ईसाई बराबर की नशिस्तों पर बैठकर मिल्लत के फ़ैसलों में शरीक होते हों,एनजीओज़ और मुल्की व ग़ैर मुल्की इदारों को हर काम की खुली छूट हो,ऐसे में **तालीम** के नाम पर मग़रिबी सेक्यूलर इदारों का खुल जाना, इत्तिलाअत की अहमियत के पेशे–नज़र कम्प्यूटर नामी एक आअले के ज़रिये गली–गली मुहल्ले–मुहल्ले क़हवाखानों का फैल जाना,बहबूदे–आबादी के नाम पर नस्लकुशी की मुहिमात का आम हो जाना,तरक्क़ियात और इमदाद के नाम पर बैनुलअकवामी सूदी जाल में उलझ जाना,अजीब नहीं लगता। अजीब यह लगता है कि इसे ही जिहाद क़रार दे दिया जाए ! सारी तवानाईयां और वसाईल उन्हीं मुहिमात में ग़र्क होकर रह जाएं जबकि उम्मत के दिफ़ाअ की खातिर मोर्चों में बैठे लोग निहत्थे पड़े रहें।

जिहाद फ़ी सबीलिल्लाह के शरई मअनी का शउर ही हमें इस फ़रीज़े की अदायगी का पाबन्द बना सकता है वरना तो हम किसी भी काम को जिहाद क़रार देकर इस अज़ीम फ़रीज़े से सुबुकदोश हो सकते हैं। अगर सहाबी–ए–रसूल(ﷺ)ने भी जिहाद के इसी मफ़हूम पर इकतफ़ा किया होता और आग व ख़ून के दरियाओं को उबूर (पार) ना किया होता तो बिलाशुबहा यह दीन मदीने मुनव्वरा की हदों को उबूर ना कर पाता, बल्कि (मआज़अल्लाह) इसका नामो–निशान तक मिट जाता। यह जिहाद ही का मैदान था जब हमारे नबी (ﷺ) ने(बद्र की घाटी में) रोते गिड़गिड़ाते अपने रब से यह दुआ की कि ***ऐ अल्लाह !अगर आज यह गिरोह हलाक़ हो गया तो (इस ज़मीन पर)तेरी इबादत न की जाएगी। ऐ अल्लाह ! अगर तू चाहे तो आज के बाद तेरी इबादत कभी न की जाए। (अर्रहीकुल–मख़्तूम–296)***

बस,उम्मत के रहबरों को चाहिए कि वो जिहाद फ़ी सबीलिल्लाह की इस्तलाह को ऐसे मअनी ना दें कि नस्ले–नौ(नई नस्ल,जो पहले ही से मग़रिबियत के ज़ेरे–असर होने की बिना पर दीन से कोसों दूर है) मैदानाहा–ए–कारज़ार(जंग के मैदानों)को बिल्कुल ही भूला बैठें। बल्कि उन्हें चाहिए कि मुसलमानों को इस गमगुश्ता फ़रीज़े पर उभारें,क्योंकि यह रसूलुल्लाह (ﷺ)की सुन्नत है।

अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त ने इस उम्मत को चुना ही इस काम के लिए है, ये इस उम्मते–तौहीद का आलमग़ीर हदफ़ है जिसका हुसूल एक मुसलसल अ़मल है। अल्लाह और रसूलल्लाह (ﷺ) की सरीह मुब्श्शिरात पर हमारा ईमान है, हक़ का ग़ल्बा हक़ है। यहूद व नसारा और मुशरिकीन की तहज़ीबें और उनका बनाया हुआ आ़लमी जबर का ढ़ांचा, ये सब दुनिया से मिट जाएंगे(इंशाअल्लाह) ये वोह गिरती हुई दीवारें हैं जिनका फिक्री और अ़मली सहारा लेना, उनसे मुकालमा करना,चाहे यह मुकालमा बैनुलमज़ाहिब हमआहंगी(सारे दीन एक जैसे)के नाम पर हो या बक़ाए–बाहिमी(आपसी सुरक्षा)के सफेद पर्चम तले,दरअसल जाहिली इक़दार को एक हक़ीक़त के तौर पर तसलीम करना है। बातिल अफकार के उन सायों का अन्जाम भी दीवारों के साथ मुक़द्दर है। **''अगर आप हमारे माबूदों को क़ुबूल कर लें तो हम भी आपके खुदा की इबादत करेंगे''**और

"हमारे खुदाओं को बुरा भला न कहा जाए ..." जाहिलियत का क़दीम मुतालबा है। वही जाहिलियत आज मग़रिबी अक़दार(इज़्ज़त)व तहज़ीब का ज़ेवर पहनकर,फिर हमारे सामने नमूदार हुई है और चाहती है कि हम उसकी बरतरी को कुबूल कर ले,इस्लाम के बजाए जमहूरियत हमारी असास(पहचान),शरिअत के बजाए सरमायादारी (पूंजीवाद) हमारा तरीक–ए–ज़िंदगी, क़ुर्आन के बजाए इन्सानी दसातीर (मुल्की संविधान) हमारा लाएहा–अ़मल,दीनी उखुव्वत(मुहब्बत)की जगह इन्सानियत हमारी पहचान, और बैते–काबा के बजाए बैते–अबयज़ (व्हाइट–हाउस)हमारा माअनवी और अ़मली किब्ला बन जाए। इस सारी जाहिलीयत के मुक़ाबले में बहैसियत मुसलमान हमारा जवाब वही है जो हमारे राज़िक़ ने हमें तालीम फर्माया है और जिसे हम अपने (वाहिद) सच्चे सहीफे में लिखा हुआ पाते हैं :

قُلْ يَا أَيُّهَا الْكَافِرُونَ (1) لَا أَعْبُدُ مَا تَعْبُدُونَ (2) وَلَا أَنْتُمْ عَابِدُونَ مَا أَعْبُدُ (3) وَلَا أَنَا عَابِدٌ مَّا عَبَدْتُّمْ (4) وَلَا أَنْتُمْ عَابِدُونَ مَا أَعْبُدُ (5) لَكُمْ دِينُكُمْ وَلِيَ دِينِ (6)

"आप कह दीजिए कि ऐ काफिरों ! न मैं इबादत करता हूं उसकी जिसकी तुम इबादत करते हो,न तुम इबादत करने वाले हो उसकी, जिसकी मैं इबादत करता हूं। और न मैं इबादत करूंगा उसकी जिसकी तुम इबादत करते हो,और न तुम उसकी इबादत करने वाले हो जिसकी मैं इबादत कर रहा हूँ। तुम्हारे लिए तुम्हारा दीन है और मेरे लिए मेरा दीन। " (सूर : काफ़िरून)

अल्लाह का ये सच्चा दीन तौहीद के इक़रार और शिर्क से इंकार की असासो–बुनियाद पर क़याम है । इस दावत की सरबुलन्दी मतलूब है। तवानाइयों का राहे–मक़सूद में खपना,अमवाल का अहदाफे–मनसूस(कुर्आन–सुन्नत के दलाईल)में लगना,अक़्लमंदी की दलील है। आग जब भड़क उठे तो उसका बुझाना ही वक़्त का अहमतरीन हदफ होता है, उसमें कूदने वाले भले तन्हा ही हों ***"यानारू कुमी बरदावं व सलामा"*** **ऐ आग! सर्द हो जा और सलामती बन जा** की सदा सुनते रहते हैं, बेघर क्यों न हों, ***"ला ताहज़न इन्नल्लाह मआना"*** **ग़म न करो,अल्लाह तुम्हारे साथ है**,का वादा उन्हें रूकने नहीं देता,क्योंकि मालिक ने उनके रास्ते के साथ**"फी सबीलिल्लाह"**की खुशख़बरी मुन्सलक़ की है। चलने वाले को उस राह पर अल्लाह मिलता है,उन तक पहुंचने के एक नहीं सभी रास्ते नज़र में आ जाते हैं***(लनाहदीयन्नहुम सुबुलना)*** **हम ज़रूर बा ज़रूर उन लोगों को अपने रास्ते दिखा देंगे।**

बस, ऐ अल्लाह के मददगारों ! तन्हाई में घबराना मत और मुश्किल में उदास न होना ! कि तुम्हारे इस क़ाफिले की निस्बत **ईमामुल–मुजाहिदीन रसूलल्लाह** (ﷺ) से है,आप(ﷺ) ही के नक़ूशे–पा हैं जिनको तुमने संगे–मील कहा है, जिन्हें तुमने क़ुबूल किया है। आप ही की हिदायात हैं जिन्हें तुमने क़ाबिले–इत्तिबा जाना है। अगर ये नक़ूशे–पा,ये हिदायात और ये फैसले तुमने सच्चे दिल से क़ुबूल किए हैं तो सुन लो कि फिर तुम्हारे लिए उनकी जानिब से खुशख़बरियां और तुम्हारी राह के बिल्अक्स, दुनियापरस्ती इख़्तियार करने वालों के लिए वईदें(चेतावनियां) हैं :

''तबाह हो जाए दीनार का बन्दा और दिरहम का बन्दा,और चादर का बन्दा! अगर उसे दिया जाए तो खुश और न दिया जाए तो गुस्से ! तबाह हो जाए और मुंह के बल गिरे ! और अगर उसे कांटा चुभे तो(अल्लाह करे कि)न निकले। मुबारक हो उस बन्दे को जो अल्लाह की राह में अपने घोड़े की बाग थामे हुए हो,बाल बिख़रे और गर्द आलूद पाँव ! अगर उसे पहरे पर लगा दिया जाए तो पहरा दे,और अगर पिछले लश्कर में छोड़ दिया जाए तो पिछले लश्कर ही में रहे। अगर इजाज़त मांगे तो इजाज़त न मिले और अगर सिफारिश करे तो उसकी सिफारिश न सुनी जाए।''(बुख़ारी,फी किताबुल जिहाद)

बस मुबारक हो काफ़िला–ए–नूर के शहसवारों ! कि तुम्हारा रास्ता क़ाबिले–रश्क है,गुरबते–इस्लाम के इस दौर में तुम्हारी आंखें अहले–दुनिया की चकाचौंध से मरअूब न हो जाएं। तुम अ़मल की दुनिया में उस हस्ती के वारिस ठहरे जिसने दमे–रूख़सत,जबकि घर का अनाज भी रहन पर लिया गया था,नौ चमकती तेज़ धार तलवारें अपने दरो–दीवार पर लटकती छोड़ी थीं, अलैहिस्सलातुवस्सलाम ! मुबारक हो कि तुम इस दुनिया में क़ाफिला–ए–हिजाज़ की जानशीनी के और इस जहान में सालारे–काफिला(ﷺ)की हमनशीनी के बरहक़ उम्मीदवार हो ! **वहसुना उलाइका रफ़ीक़ा**

(इस्राईली प्रधानमंत्री गोल्डामेयर ने अल्लाह के रसूल (ﷺ) की हयाते–मुबारका के इस अज़ीम फ़लसफ़े को अमली तौर पर 1967 की अरब–इस्राईल जंग में आज़माया और अरबों को एक तारीख़ी व फैसलाकुन शिकस्त से दो चार होना पड़ा। वाह रे मुसलमानों! तुमने तो अपने नबी से ताक़त का सबक़ नहीं सीखा,मगर इस्लाम की सबसे बड़ी दुश्मन क़ौम,यहूद ने इसी सबक़ को पकड़ा और उसी ताक़त के सबक़ से तुम्हारी इज़्ज़तों को मलियामेट करके रख दिया। (मुतर्जिम))

ऐ साथियों ! अपने इख़्लास को परखो, अपने नसीब को जांचों, तक़्वा को अपना इमाम बना लो **(इत्तक़ुल्ललाह)** और सच्चों के साथ हो जाओ **(व कुनू मअस्सादिक़ीन)** चाहे वह जहां कहीं भी हो। ***नामों की तख़्तियों को मत पढ़ना कि ये आए रोज बदलती रहती है,कामों की फेहरिस्त को जांचना कि ये तारीख में सब्त (जम) हो जाते हैं, दुश्मन की हक़ीक़त को समझना,दोस्तों की तलाश आसान हो जाएगी !*** देखो!

सबीलिल्लाह को ठुकराना आखिरत के किसी सच्चे राही के लिए मुमकिन नहीं होता। जिन नतीजे पर बहुत से लोग आइंदा पहुंचेगे, तुम इस पर आज पहुंच जाओ।

सुनो ! वक़्त ने हमेशा साबित किया है कि **''वही''** की **कामिल इत्तिबा** ही हर दौर में **कश्ती–ए–नूह** होता है। इससे बाहर कितनी ही बुलन्द चोटी हो, पानी को उस तक पहुंचना ज़रूरी है फिर कश्ती से दूर रहने का फायदा?इस्लाम के कोहान की चोटी **''ज़ुरवतुसनामिह''** को इख़्तियार न करने से हासिल ?

देखो ! ये सबीलिल्लाह है,अल्लाह का रास्ता है। बहुत शफ़्फ़ाफ़, बहुत वाज़ेह! तौहीद के नामलेवा क़ाफिले दर क़ाफिले इस पर निकलते रहेंगे,नूर की ये शाहे–राह आबाद रहेगी, जूनूं की खेतियां पकती रहेंगी, सरों के सौदे होते रहेंगे। सूद व ज़यां के ज़ाएचे वोह बनाएं,जिनके लिए दुनिया अहमतर हो, जिसका भरोसा वसाइल पर हो, लेकिन जिसने तफ़वीज़ व तवक्कुल का ज़ाएक़ा चख रखा हो, जा ***''उफव्विज़ु अमरी इल्ललाह''*** ***''मैं अपना मामला अल्लाह के सुपुर्द करता हूँ''***का इक़रार करता हो,जिसकी नज़र ***''कुतिबा अलयकुमुल क़िताल''*** ***'तुम पर जंग फर्ज़ कर दी गई है'*** पर हो, जान व माल उसके रहते कब हैं कि वोह आज़ादमर्ज़ी से कोई फैसला करे!

ऐ हमारे रब! हमें तौफ़ीक़ दीजिए कि हम आपको और आपके आइदकर्दा किसी फरीज़े को भूल न जाएं क्योंकि हम इसका तहम्मुल(बर्दाश्त)नहीं कर सकते कि आप हमें भूल जाएं, कि आपको भूलकर हम जाएंगे कहाँ ?

وَلَا تَكُونُوا كَالَّذِينَ نَسُوا اللَّهَ فَأَنسَاهُمْ أَنفُسَهُمْ أُولَٰئِكَ هُمُ الْفَاسِقُونَ **(19)** لَا يَسْتَوِي أَصْحَابُ النَّارِ وَأَصْحَابُ الْجَنَّةِ أَصْحَابُ الْجَنَّةِ هُمُ الْفَائِزُونَ **(20)**

''और उन लोगों जैसे न होना जिन्होंने अल्लाह को भुला दिया तो अल्लाह ने उन्हें ऐसा कर दिया कि वोह खुद अपने आपको भूल गए,ये बदक़िरदार लोग हैं। जहन्नम वाले और जन्नतवाले बराबर नहीं। अहले–जन्नत तो कामयाब होने वालेहैं।''

(सूर : हश्र : 19–20)

وَحَرِّضِ الْمُؤْمِنِينَ(84)

(व हर्रिज़िल मुअमिनीन) (अन्निसा–84)

और अहले–ईमान को (जिहाद पर)उभारो।

दुश्मन के हमले की सूरत में, दिफ़ाई जिहाद वक़्त का अहमतरीन फ़र्ज़ होता है।

यह शव्वाल 3 हिजरी का वाकिआ है। दुश्मन मदीनतुन्नबी (ﷺ) पर हमलावर होने को है। इस्लाम का मरकज़ खतरे की ज़द में है। मुसलमानों की इस बस्ती में नमाज़ रोज़े समेत हर तरह के फ़राईज़ की बजाआवरी जारी है। इस बस्ती की मस्जिद में पढ़ी जाने वाली एक नमाज़ पचास हज़ार नमाज़ों के बराबर है। लेकिन अब सब मुसलमान दिफ़ाए–दीनो–मिल्लत के लिये निकल खड़े हुए हैं क्योंकि वक़्त का अहमतरीन तक़ाज़ा यही क़रार पाया है।

ऐसे में एक आदमी ज़िरहबन्द होकर रसूलुल्लाह (ﷺ) की खिदमत में हाज़िर होता है और कहता है **उक़ातिलू अव उसलिमू? मैं क़िताल करूं या इस्लाम लाउं ?** नबी (ﷺ) की तरफ़ से जवाब मिलता है **असलिम, सुम्मा क़ातिला ! इस्लाम लाओ, फिर क़िताल में शामिल हो जाओ !** चुनांचे वो शख्स इस्लाम लाया, फिर जंग में शरीक हुआ और शहीद हो गया। इस पर रसूलुल्लाह (ﷺ) ने फरमाया, ***अमिला क़लीला व उज़िरा कसीरा. अमल कम किया, लेकिन अज्र बहुत पाया। (बुखारी, किताबुल–जिहाद)***

यह वही अन्सारी सहाबी अम्र बिन साबित रज़ि. हैं जिनके बारे में हज़रत अबूहुरैरह रज़ि. फरमाया करते थे कि ***मुझे उस आदमी का (नाम) बता सकते हो जिसने नमाज़ तक ना पढ़ी फिर भी वो जन्नत में दाखिल हो गया ?***

(फतहुल–बारी, जिल्द–6, सफा–25)

उहद के दिन जब दुश्मन इस्लामीं सरज़मीन पर हमलावर हुआ तो उस सहाबी रज़ि. से ईमान लाने के बाद ना तो नमाज़ की अदायगी का फ़ौरी तक़ाज़ा किया गया, ना रोज़े ज़कात की बात की गई बल्कि रसूलुल्ललाह (ﷺ) ने उसे यही हुक्म दिया कि मैदाने–क़िताल में कूद पड़ो क्योंकि दीगर तमाम इबादात से बढ़कर उस मौक़े का अहमतरीन फ़र्ज़ यही था कि हमलावर दुश्मन के ख़िलाफ़ दिफ़ाअ किया जाए ताकि ईमान और अहले–ईमान को कुफ्र की यलग़ार से बचाया जा सके, ***इस्लाम की बुनियादों, कलमा, लाइलाह–इल्ललललाह मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह, नमाज़, रोज़े और दीगर शआइर(निशानियों)की हिफ़ाज़त हो सके।***

शैख़ अज़्ज़ाम की किताब **अद्दिफ़ाउ अन आराज़िल मुस्लिमीना अहम फ़ुरूज़ि लिल आयानन बअदल ईमान,** *ईमान के बअद अहमतरीन फ़र्ज़े–ऐन हमलावर दुश्मन के खिलाफ़ दिफाई जिहाद* (और मक्बूज़ा मुस्लिम सरज़मीनों की बाज़याबी) जिहाद की इसी क़िस्म के अहकामात पर मबनी है। जिहाद की यह क़िस्म दिफ़ाई जिहाद कहलाती है। दिफ़ाई जिहाद फ़र्ज़े–ऐन यानि हर मुसलमान पर फ़र्ज़ होता है। जब दुश्मनाने–इस्लाम मुसलमानों की

सरज़मीनों की तरफ़ बढ़ें(या महज़ बढ़ने का इरादा करें) तो सब पर यह लाज़िम होता है कि कुफ़्र के उन नापाक हाथों को रोकने के लिये अपना पैसा और जान लगाएं।

इमाम इब्ने आबिदीन रह. ने अपने हाशिये की जिल्द 3 सफ़ा 238 पर लिखा है, ***और अगर दुश्मन किसी इस्लामी सरहद पर हमलावर हो तो जिहाद नमाज़ और रोज़े की तरह फ़र्जे–ऐन हो जाता है जिनको छोड़ने की गुंजाईश नहीं।***

(बहवाला, देखना काफिला छूट ना जाए, अज़ अज़्ज़ाम शहीद रह.)

फिर अपनी इसी किताब में आगे चलकर शेख़ अज़्ज़ाम शहीद रह. लिखते हैं *अगर जिहाद फ़र्जे–ऐन हो जाए तो वालिदैन से इजाज़त लेना ज़रूरी नहीं रहता। बिल्कुल उसी तरह जैसे नमाज़ की अदायगी या रोज़े रखने के लिये उनकी इजाज़त ज़रूरी नहीं होती।*और यह भी कि ***किसी उज़्र के बग़ैर जिहाद के फ़र्जे–ऐन को छोड़ने वाले और रमज़ान में बग़ैर उज़्र के रोज़ा ना रखने वाले में कोई फ़र्क़ नहीं।***

इस्लाम के सुनहरी दौर की पूरी तारीख़ इस बात पर गवाह है कि जब भी कुफ़्र ने इस्लाम और मुसलमानों की तरफ़ मैली आंख से देखा, अहले–इस्लाम ने पूरी दस्तयाब कुव्वत इस्तेमाल करके उस हमले का दिफ़ाअ किया और उम्मत के बेहतरीन लोग और नादिरे–रोज़गार हस्तियां(मालदार लोग) इस्लाम के मोर्चों में पाई गईं। उहद व खन्दक़ और तबूक वग़ैरह के ग़ज़वात और बअद के अदवार की सैंकड़ों जंगी मुहिमात इसकी वाज़ेह मिसालें हैं।

दिफ़ाई जिहाद की यह अहमियत मुसलमानों पर हमेशा इस क़द्र वाज़ेह थी कि कभी किसी के ज़ेहन में इसके शरई हुक्म के हवाले से इबहाम(शक)पैदा नहीं हुआ। हर मुसलमान यह जानता था कि ऐसी हालत में सबको निकालना है, बहरहाल (हल्के हों या बोझल)निकलना है और मयस्सर वसाइल(उपलब्ध संसाधनों) के साथ कुफ़्र का मुक़ाबला करना और उसे पछाड़ना है। ऐसे मौक़े पर तरबियत और ईमान के दर्जों में तफ़ावुत (दूरी) की भी कोई शर्त ना थी, लिहाज़ा वो भी निकले जो बरसों सुहबते–नबवी (ﷺ) से शर्फ़याब रहे थे और वो भी जो ऐन मैदाने–जंग में भी ईमान लाए और एक नमाज़ भी ना पढ़ पाए थे। माली जिहाद की अहमियत भी वाज़ेह थी। कोई अपने घर का पूरा सामान खपाकर और कोई चन्द सैर अनाज खर्च करके उस जिहाद में शरीक होता(क्योंकि इससे ज़्यादा उनके बस में ना होता था) इसी यकसूई का नतीजा था कि इस्लाम पर हमला नामुमकिन और मुसलमानों की तज़लील बईद अज़ इमकान थी।(यानि मुसलमानों पर हमला करने के बारे में सोचना तक उनके लिये दिन में सपने देखने जैसा था।) इसके बरअक्स आज दुनिया में इस्लाम के वकार और मुसलमानों की हुरमतों का कोई पुरसाने–हाल नहीं। उसकी बुनियादी वजह यह है कि अहले–ईमान अपने इस अहमतरीन फ़र्जे–ऐन से ग़ाफ़िल हैं। उम्मत के पेशवाओं, क़ाईदीन, मुफ़क्करीन और अहले इल्म से इस सूरते–हाल में सवाल करना है कि उसे ज़िल्लत के इस गढ़े से निकालने के लिये उन्होंने क्या किया?

तू इधर–उधर की ना बात कर, यह बता कि काफ़िला क्यों लुटा?
मुझे रहज़नों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है !

क्या इस गुमगश्ता फ़रीज़े की तरफ़ दअवत देने की, इन्सानी माली वसाइल को इस जानिब लगवाने की नौबत अब भी नहीं आई, जबकि हदीसे–रसूल (ﷺ) के मिस्दाक़ अक़वामे–कुफ्र एक दूसरे को मुसलमानों पर हमले की दअवत इस तरह दे रही हैं जिस तरह भूखे दस्तरख्वानों पर एक दूसरे को खाने की दअवत देते हैं। उन्होंने खिलाफ़ते–उस्मानिया के टुकड़े कर दिये, दुनिया–ए–अरब की एक–एक रियासत को अपने ताबेअ किया। थाईलैण्ड फ़िलीपाईन, अराक़ान समेत कई मुस्लिम रियासतों को हड़प किया, मावरून्नहर, तुर्किस्तान की मुस्लिम ममलिकतें अपने करोड़ों अहले–ईमान समेत इश्तराकियों (इस्लाम दुश्मन ताक़तों) के लिये लुकम–ए–तर बन गईं। वहां लाखों लोग पहले ही सलीबी बना दिये गए थे, बाक़ी मान्दा करोड़ों मर्दो–ज़न इश्तिराकी और दहरी अक़ाइद (अल्लाह का सिरे से इन्कार, नास्तिकता) के शिकार हो गए, मश्रिकी तुर्किस्तान को चीनी तागूत ने निगल लिया। फिर गुलामी व ज़िल्लत के उस सफ़र में अम्बिया अलैहि सलातु–वत्तसलीम की सरज़मीन फ़िलीस्तीन हमसे छीनी गई, बलक़ान के मुमालिक इश्तिराकी व ईसाई सरबरियत व बर्बरियत का शिकार होते रहे। मस्जिदों की धरती बोस्निया, इज्तिमाई क़ब्रों की ज़मीन बन गई। इधर कश्मीर मुश्रिकीन की गुलामी में चला गया, अफ़गानिस्तान की इमारते–इस्लामिया हाथ से जाती रही और काबुल के पाया–ए–तख़्त पर यूरोपियन व अमेरिकी सलीबी व उनकी सलीबें क़ाबिज़ हो गईं। इस्लामी अज़मते–रफ़्ता की यादगार दारूल–खिलाफ़ा बग़दाद, सलीबियों की चरागाह बन गया। यही नहीं बल्कि अब तो पूरे आलमे–इस्लाम में जा–बजा सलीबी फौजी अड्डों का जाल बिछ चुका है और पूरी उम्मते–इस्लामिया अमलन उनके शिकन्ज–ए–क़हर में है।

इस वक़्त सूरते–हाल यह है कि अमेरिका से बाहर, सबसे बड़ा अमेरिकी फ़ौजी अड्डा और कहीं नहीं, बल्कि जज़ीरतुल–अरब, जज़ीर–ए–मुहम्मद (ﷺ) के एक मुल्क (क़तर) में है और सलीबी फ़ौजें कअबतुल्लाह से सिर्फ़ 45 मील दूर पर अपना अड्डा बनाकर मोर्चाज़न हैं! कहां हैं दअवते–दीन के अलमबरदार और इत्तिब–ए–सुन्नत के दाई ? क्या उनके सामने नबी मुहतरम (ﷺ) का यह फर्मान नहीं पहुंचा **मैं ज़रूर बिल ज़रूर यहूदो–नसारा को जज़ीर–ए–अ़रब से निकाल कर दम लूंगा, यहां तक कि मुसलमान के सिवा किसी को बाक़ी नहीं छोड़ंगा।** ***(मुस्लिम, किताबुल जिहाद, बाब–इख़राजो–यहूदो–नसारा मिन जज़ीरतुल अ़रब)***

अभी तो अइमतुल–कुफ्र से उन ज़ख्मों का हिसाब लेना भी बाक़ी था जब 1857 ईस्वी में हमारे 27000 उलमा व शुरफ़–ए–दिल्ली को चौकों और बाज़ारों में फांसियों पर लटकाया गया, जब हमारे तीन लाख कलमागो, ताजे–बरतानिया की अज़मत की बहाली की मुहिम की नज़र हुए और आज से पांच सौ साल पहले सक़ूते–उन्दलूस (स्पेन)

के मौक़े पर यूरोपियन सलीबियों ने जिस तरह मुसलमानों का ख़ून पानी की तरह बहाया,और लाखों लोगों को क़त्ल करके,बाक़ियों को जिस तरह बेपतिस्म(ईसाई बनाकर पाक करना)देकर ईसाईयत इख़्तियार करने पर मजबूर किया था,वो ज़ख्म तो क़यामत तक भुलाए ना जा सकेंगे। ***इमाम अब्दुल्लाह अज़्ज़ाम शहीद रह.ने लिखा है कि पांच सौ साल से उन्दलूस कुफ्फार के क़ब्ज़े में है,तब से अब तक,उसे कुफ़्फ़ार के क़ब्ज़े से ना छुड़ाने का गुनाह मुसलमानों की गर्दनों पर मौजूद है।***

यह तो एक उन्दलूस का मुआमला है,जबकि आज तो बिलादे–इस्लामिया के शर्क़ो–ग़र्ब में कई उन्दलूस नज़र आते हैं। सवाल यह है कि हमारे साथ मुसलसल यह सब कुछ क्यों हो रहा है? इसलिये कि हम ईमान तो ले आए लेकिन उसकी हिफ़ाज़त के लिये न उठे,ना ही दीनो–दुनिया पर हमलावर होने वाले दुश्मन को पछाड़ने की कमाहक़्क़ा कोशिश की और ***अगर हममें से कोई उठा भी तो बाक़ी मुस्लिम दुनिया ने उसे उठने वालों का मुक़ामी मसअला समझा और दूसरों से यही कहा कि अभी तुम पर (जिहाद)फ़र्ज़े–ऐन नहीं हुआ,जो पिट रहे हैं अभी सिर्फ उन्हीं पर फ़र्ज़े–ऐन है ।*** (अगर सोवियत यूनियन के हमले के वक़्त यही जिहाद,जिहाद था तो अमेरिका व नाटो अफवाज़ के हमले के वक़्त वो ही ज़मीन, उन्ही लोगों के मुत्ताल्लिक़ यह जिहाद और उसकी रंगो–बू क्यों बदल गई? नतीजतन,एक–एक करके सारे बिलादे–इस्लाम कुफ्र के शिकन्जे में चले गए,शआइरे–इस्लाम मिटते रहे और यह सिलसिला आज तक जारी है। जबकि कुफ्फ़ार मिल्लते–वाहिदा बनकर एक दूसरे के मुईनो–मददगार हैं। इर्शादे–बारी तआला है..

وَالَّذِينَ كَفَرُوا بَعْضُهُمْ أَوْلِيَاءُ بَعْضٍ إِلَّا تَفْعَلُوهُ تَكُن فِتْنَةٌ فِي الْأَرْضِ وَفَسَادٌ كَبِيرٌ(73)

और जो लोग काफ़िर हैं वोह एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं,अगर तुम यूं ना करोगे(यानि अहले–ईमान से रिफ़ाक़त नहीं निभाओगे) तो मुल्क में फ़ित्ना फैलेगा और बड़ी खराबी होगी।(सूरह–अनफ़ाल–73)

सच्ची बात यही है कि अगर उम्मते–मुस्लिमा ने इन जारेह (ज़ालिम)मुमालिक और अक़वाम के ख़िलाफ़ भरपूर अन्दाज़ में अपनी दिफ़ाई ज़िम्मेदारियां निभाई होतीं तो आज सूरते–हाल बहुत मुख़्तलिफ़ होती,और दुश्मन कब का इन इलाकों से निकल गया होता,और इस्लाम के ख़िलाफ़ काफ़िरों की जो जुर्रात आज हमें नज़र आती है वो हरगिज़ ना होती।

शरिअते–मुहम्मदी (ﷺ)को एक तरफ़ रखकर सोचने वाले रायपरस्त तो यही कहेंगे कि क्या करें हमारा उनका मुक़ाबला ही नहीं ? साईन्सी तरक्की और ईजादात में कुफ़्फ़ार की बराबरी किये बग़ैर उनसे निपटना मुम्किन है? हम उनसे पूछते हैं कि क्या फारसो–रूम जैसी,अपने

वक़्त की जाबिर क़ौमें साईन्सी तरक्की और ईजादात के ज़ोर पर मुसलमानों से मग़लूब हुई थीं? *हमारे लिये मिसाल हर हाल में मदीनतुन्नबी (ﷺ) की वो कच्ची बस्ती ही है जिसने क़ैसरो–किसरा जैसे ताग़ूतों के दाँत खट्टे कर दिये, ना कि कुर्तबा जैसे शहर जिनके फ़ने–तअमीर के नादिर नमूने, उलूमो–फुनून की करिश्मासाज़ियाँ दिफ़ाए–इस्लाम के कुछ काम न आ सकीं और यह सरज़मीनें फिर भी हमसे छीन ली गईं और आज यह बस्तियां हमारे लिये नमून–ए–इबरत के सिवा कुछ।* अलगर्ज़ हमारा मसअला, *वसाईल की कमी* नहीं, बल्कि उन हाथों की कमी है जो मयस्सर वसाईल को इस्तेमाल में लाएं, उन ज़ेहनों की कमी है जो फ़र्ज़े–मुक़द्दम को पहचानें, उन दिलों की कमी है जिनमें अल्लाह के सामने जवाबदेही का खौफ़ हो, उन आंखों की कमी है जिनसे निकलने वाले आँसू, महज़ आँसू ना हों, बल्कि वो बग़दादो–फ़िलिस्तीन, कश्मीरो–शीशान(चेचेन्या) और हेरातो–काबुल व कन्धार में बहने वाले खूने–मुस्लिम का मदावा भी बन सकें, ***जो नामूसे–मुहम्मद (ﷺ) की खातिर सिर्फ़ बातें ना बनाएं, कुछ करके भी दिखाएं !***

आज हमारे पड़ौस अफ़गानिस्तान में आलमी कुफ्र की अफ़वाज़ मौजूद हैं और अमेरिकी क़ब्ज़े को मुस्तहकम (मज़बूत व स्थाई) बनाए हुए हैं। इमारते–इस्लामिया अफ़गानिस्तान पर नाटो, इंसाफ़ वग़ैरह के क़ालिब में किया जाने वाला सलीबी हमला अमेरिका व यूरोप की तरफ़ से इस्लाम पर मुसल्लतकर्दा वोह जंग का अहमतरीन मुहाज़ है। इसलिये कि इस्लाम की मुहब्बत, शरीअत की तन्फ़ीज़ और आलमे–इस्लाम के मुहाजरीन की मेज़बानी मुसलमानाने–ख़ुरासान के वो **जुर्म** हैं, जो आलमी कुफ्र की हज़ीमत(व यलग़ार) का सामान बन गए। अमेरिका और बरतानिया समेत 40 के क़रीब मुमालिक जो नाटो और उसके इत्तिहादी हैं, अफ़गानिस्तान पर अमेरिकी क़ब्ज़े में शरीक हैं। यह दरअसल एक बड़ी मुहिम का हिस्सा है। उनका हदफ़ सिर्फ़ वो जरी अफ़ग़ान क़ौम ही नहीं जिसने दस साल तक रूसी अफ़रियत(ज़ुल्मो–ज़्यादती) का मुक़ाबला अपनी हिम्मते–ईमानी के बल पर किया और सुर्ख़ रीछ को घर से बेघर किया, बल्कि उनकी पड़ौसी मेज़बान कौम भी है जिसने उनके लाखों मुहाजरीन को पनाह दी, वही क़ौम जिसने ***लाइलाह इल्ललल्लाह*** की बुनियाद पर एक मुल्क तशकील दिया, जो एक जानिब मग़िरब में आलमी सलीबी इत्तिहादियों के लश्कर से, मश्रिक में **हुनूद** से, शुमाल में देहरियों से और जुनूबी बानियों में **अज़ीमतर इस्राईल** के मुहाफ़िजों से घिरी हुई है, जो हर मुहाज़ पर अग़यार की इस्लामदुश्मनी का नतीजा–ए–मश्क़ बनी हुई है लेकिन फिर भी समझती है कि **हमारी बारी नहीं आएगी !..**

इस वक़्त इस्लामी इमारते–अफ़ग़ानिस्तान पर हमले और क़ब्ज़े में शरीक ज़्यादह तअदाद तो ***अमेरिका, बरतानिया, जर्मनी इटली, केनेडा, और फ्रांस की फौजों की है लेकिन ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, क्रोएशिया, चेक– रिपब्लिक डेनमार्क, एस्टोनिया फिनलैण्ड, मकदूनिया (साबिक़ा यूगोस्लाविया) यूनान, हंगरी, आइसलैण्ड, आयरलैण्ड, लातविया, लिथुआनिया, लक्ज़मबर्ग, हॉलैण्ड, न्यूजीलैण्ड, नार्वे, पौलेण्ड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन,***

स्वीडन, और स्वीटज़रलैण्ड, भी शामिल हैं। अमेरिका के बिलमुक़ाबिल यूरोप को अपना **हमदर्द** समझने वाले सादा लोहों को इस फेहरिस्त पर एक बार ज़रूर ग़ौर कर लेना चाहिए। हक़ीकत में मग़रिब अफ़गानिस्तान में अपनी तहज़ीब के बक़ा की जंग लड़ रहा है लेकिन पसपाई उसका मुक़द्दर है, इंशाअल्लाह। **वल्लाहु अ़ला कुल्ली शैईन क़दीर .**

उधर, इनमें से बेशतर सलीबी अक़वाम इराक़ में भी इस्लामियाने–उम्मत के खिलाफ़ पूरी यकसूई से बरसरे–पैकार हैं। यहां उनकी कुल तअदाद तक़रीबन 26 है। मश्रिकी यूरोप की सलीबी अक़वाम केसाथ–साथ जापान जैसा ग़ैर–असकरी (हथियारविहीन) मुल्क भी इस जंग में सलीब के मोर्चो में है, जबकि चीन बज़ाहिर मग़रिब मुखालिफ़ होते हुए भी हर क़रारदादे–जुल्म में आलमी कुफ़्र का शरीक होता है। सलीबी जंग का एक मश्रिकी मुहाज़ शीशान(चेचेन्या) में खुला हुआ है और यह दुश्मन के वो मोर्चे हैं जो सबकी निगाहों में हैं लेकिन वो यलग़ार जो तअलीम, इक़्तिसाद, अबलाग़ियात (जनसम्पर्क व सूचना माध्यम), सक़ाफ़त, अफ़कार और तअलुक़्क़ाते–आम्मा समेत दूसरे खुफ़िया मुहाज़ों पर जारी है उसका अहसास कितनों को है ?और कितने उसके मुकाबले के लिये तैयार हैं?

मुश्किल की इस घड़ी में मुबारक हैं वोह लोग जो अपनों की बेअतनाई(बेरूखेपन व बेपरवाही) के बावजूद इस्लाम और मुस्लिम सरज़मीनों की दिफ़ाअ कर रहे हैं, मलामत करने वालों की मलामत से बेपरवाह अपने सरों की फ़सीलें कटाए जा रहे हैं, उम्मत को ज़िल्लत के गढ़े से निकालने के लिये खुद अपनी तौहीन बर्दाश्त कर रहे हैं। दुनियावी ज़िन्दगी के इन झमेलों, क़ब्र की तंगो–तारीक कोठरियों में, और क़यामत की हौलनाकियों में अल्लाह की मअय्यत (मदद) उनके साथ है, फ़रिश्ते उनके दोस्त हैं, इंशाअल्लाह। और यह सब मशक़्क़तें दुनिया व आख़िरत में उनके खूब काम आएंगी क्योंकि यही तो वोह लोग हैं जो सबसे बढ़कर अपने मालिक की रहमत के उम्मीदवार हैं।

إِنَّ الَّذِينَ آمَنُوا وَالَّذِينَ هَاجَرُوا وَجَاهَدُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أُولَٰئِكَ يَرْجُونَ رَحْمَتَ اللَّهِ وَاللَّهُ غَفُورٌ رَّحِيمٌ (218)

बेशक जो लोग ईमान लाए और जिन्होंने हिजरत की और अल्लाह की राह में लड़े, वोह अल्लाह की रहमत के उम्मीदवार हैं और अल्लाह बख्शने वाले, मेहरबान हैं। (अलबक़रह–218)

अल्लाह अज़्ज़ो–वजल की रहमत के तलबगार यह लोग दुनिया में दअवते–इस्लामी की सरबुलन्दी के ख़्वाब देखने वाले हैं। **एक ऐसा ख़्वाब जिसकी तअबीर पर हमारा यक़ीन इससे कहीं ज़्यादा है जितना यक़ीन हमें कल के सूरज के तुलूअ होने पर है !** सच यह है कि वोह उम्मत जिसका मक़सदो–वुजूद बतौरे–उम्मत है ही यह कि इस दुनिया से मुनकर को ख़त्म करे, नेकी का चलन आम करे वोह अपने असासी फ़रीज़े से कभी सुबुकदोश नहीं हो सकती। उसके सभी वाबस्तगान को घूम–फिरकर उसी लायह–

ए–अमल की तरफ़ आना है जो अज़ल से उसके लिये मुक़र्रर है।

كُنتُمْ خَيْرَ أُمَّةٍ أُخْرِجَتْ لِلنَّاسِ تَأْمُرُونَ بِالْمَعْرُوفِ وَتَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنكَرِ وَتُؤْمِنُونَ بِاللَّهِ وَلَوْ آمَنَ أَهْلُ الْكِتَابِ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُم مِّنْهُمُ الْمُؤْمِنُونَ وَأَكْثَرُهُمُ الْفَاسِقُونَ **(110)**

तुम आलम में भेजी गई सब उम्मातों से बेहतर हो। अच्छे कामों का हुक्म करते हो और बुरे कामों से मना करते हो और अल्लाह पर ईमान लाते हो।

(आले–इमरान, 110)

जिहाद फ़ी सबीलिल्लाह की दो अक़्साम

कुफ़्फ़ार के ख़िलाफ जिहाद की दो अक़्साम हैं :

1. इक़्दामी जिहाद (जिहादुल्तलब)

2. दिफ़ाई जिहाद (जिहादुल्दिफाअ)

1. इक़्दामी जिहाद (जिहादुल्तलब) का मतलब है :

"यानी खुद जंग की इब्तदा करते हुए कुफ्फार के इलाक़े में घुसकर उन पर हमला करना, जबकि वोह मुसलमानों के ख़िलाफ क़िताल के लिए तैयारी भी न कर रहे हों।"

ऐसे हालत में जिहाद, फर्ज़े–किफाया होता है, जिसकी अदाएगी का कम से कम दर्जा ये है कि :

1. सरहदों पर अहले–ईमान की इतनी तादाद हर वक़्त मौजूद रहे जो सरज़मीने–इस्लाम की दिफाअ और अल्लाह के दुश्मनों पर दहशत बढ़ाने के लिए काफी हों।

2. साल में कम से कम एक मर्तबा मुसलमान फौज को कुफ्फार के खिलाफ लड़ने के लिए ज़रूर भेजा जाए।

लिहाजा मुसलमानों के इमाम की ज़िम्मेदारी बनती है कि वोह साल में एक या दो मर्तबा दारूलहरब की सिम्त लश्कर रवाना करे और रिआया का फर्ज बनता है कि वोह इस सिलसिले में इमाम के साथ तआवुन करे। लेकिन अगर इमाम किसी लश्कर को नहीं भेजता तो गुनाह का बोझा उसी पर होगा।

फुक़हा (साल में एक मर्तबा लश्कर भेजने के) इस मसले को जिज़्ये के मसले पर क़यास करते हैं। उलमाए–उसूल फर्माते हैं :

"जिहाद कुव्वत व ग़लबे के ज़रिए दावत फ़ैलाने का नाम है। पस जिहाद

को इस्तिताअत भर क़ायम करना फ़र्ज़ है यहां तक कि कोई ऐसा शख़्स बाक़ी न रहे जो मुसलमान न हो या फिर मुसलमानों से मसालिहत (समझौता) न कर चुका हो।''
(हाशिया अशशिरवानी, व इब्नुल क़ासिम, अला तुहफ़तुल मुहताज अलल मिनहाज)

दिफाई जिहाद (जिहादुद्दिफाअ) और उसका शरई हुक्म

दिफाई जिहाद (जिहादुद्दिफाअ) से मुराद है :

''यानी कुफ्फार को मुसलमानों के इलाकों से बाहर निकालने के लिए जिहाद। दिफाई जिहाद फर्ज़े–ऐन, बल्कि अहमतरीन फर्ज़े–ऐन है। चार सूरतें ऐसी हैं कि जिनमें दिफाई जिहाद तअय्युन(निर्धारण) के साथ हर एक पर फर्ज़ हो जाता है :

1. जब कुफ्फार मुसलमानों के किसी भी इलाक़े में घुस आएं।

2. जब कुफ्र व इस्लाम के लश्करों का आमना सामना हो और दोनों तरफ की सफें एक–दूसरे से टकरा जाएं।

3. जब इमाम कुछ अफराद या किसी क़ौम से जिहाद के लिए निकलने का मुतालबा करे, तो उन सब पर जिहाद फर्ज़ हो जाता है, कि निकलें।

4. जब कुफ्फार कुछ मुसलमानों को क़ैद कर लें।

जब कुफ़्फ़ार मुसलमानों के किसी इलाक़े में घुस आएं

सलफ व ख़लफ, चारों फिक़ही मज़ाहिब के उलमा, मुहद्दिसीन और मुफस्सिरीन, तारीख़े–इस्लामी के तमाम अदवार(दौरों) में इस बात पर ग़ैर–मशरूत (पहले से मुतय्यन) तौर पर मुत्तफिक़ रहे हैं कि अगर कुफ़्फ़ार मुसलमानों के किसी भी इलाक़े में घुस आएं तो वहां बसने वालों और उनके कुर्बो–जवार(आस–पास)में रहने वालों पर जिहाद फर्ज़े–ऐन हो जाता है। ऐसे हालात में औलाद वालदैन की, बीवी, शौहर की और मक़रूज़, कर्ज़ख़्वाह की इजाज़त के बग़ैर जिहाद के लिये निकलेंगे।

अगर दुश्मन को पछाड़ने के लिए ये सब लोग नाकाफी साबित हों या ये लोग कोताही करें, या सुस्ती से काम लें, या बिलाउज़्र बैठे रहें तो ये फर्ज़ियते–ऐन दायरे की शक्ल में अगले इलाकों तक फैलती जाएगी, पहले सबसे करीब वालों को अपनी लपेट में लेगी, फिर उनसे करीब वालों को। फिर अगर वोह लोग भी नाकाफी हों या कोताही करें (और मज़ीद मुजाहिदीन की ज़रूरत बरक़रार रहे) तो फर्ज़ियत का ये दायरा बतदरीज आगे फैलता जाएगा यहां तक कि (ज़रूरत पड़ने पर) पूरी ज़मीन के मुसलमानों को अपनी लपेट में ले लेगा शैखुल–इस्लाम इब्ने–तैमिया रह. फर्माते हैं :

''और जहां तक बात है ''दिफाई क़िताल''की तो हुर्मतों और दीन पर हमलावर दुश्मन को पछाड़ने के लिए ये क़िताल की अहमतरीन क़िस्म है और इसीलिए इसके फर्ज़

होने पर उम्मत का इज्माअ है। ***ईमान लाने के बाद सबसे अहमतरीन फरीज़ा दीन व दुनिया को बर्बाद करने वाले हमलावर दुश्मन को पछाड़ना है।*** इस फर्ज़ियत के लिए कोई शराइत नहीं (मसलन ज़ादे–राह और सवारी मौजूद होने की शर्त भी साक़ित हो जाती है)बल्कि जिस तरह भी मुमकिन हो दुश्मन को पछाड़ा जाएगा। ये बात उलमा ने सराहतन कही है, ख़्वाह वोह हमारे मज़हबे–फिक़ही के उलमा हों, या दीगर फिक़ही मज़ाहिब के।'

(फ़तावा अल–कुबरा,4/520)

इमाम इब्ने–तैमिया रह. के दौर में एक क़ाज़ी ने ये कहा कि :

''जब किसी इलाक़े वालों पर जिहाद फर्ज़े–ऐन हो जाए तो जो लोग उस इलाक़े से क़सर की मुसाफत पर रहते हैं उन पर, हज की तरह,जिहाद भी सिर्फ उसी सूरत पर फर्ज़ होगा जब उनके पास ज़ादे–राह और सवारी मौजूद हो।''

क़ाज़ी ने जिहाद को हज पर क़यास करते हुए जिस राए का इज़्हार किया है वह इससे पहले किसी आ़लिम से मन्कूल नहीं। ये निहायत कमज़ोर राए है क्योंकि जिहाद इसलिए फर्ज़ किया गया है ताकि दुश्मन के शर को दूर किया जा सके, ***लिहाज़ा जिहाद की फर्ज़ियत हिजरत से भी बढ़कर है।***

अब जबकि हिजरत के लिए सवारी की शर्त नहीं तो जिहाद के लिए ये शर्त बदर्जा–ए–अव्वल साक़ित होगी।

हज़रत उबादा बिन सामित रजि. से एक सहीह हदीस में मर्वी है कि रसूलल्लाह (ﷺ) ने फर्माया :

''बन्दा–ए–मोमिन पर हुक्म सुनना और इताअ़त करना वाजिब है, चाहे उसे तंगी हो या आसानी, खुशी हो या नागवारी और चाहे दूसरों को उस पर तर्जीह दी जाए।''

चुनांचे ये हदीस इताअ़ते–हुक्म को लाज़िम क़रार देती है और तंगी व आसानी, हर हाल में जिहाद के लिए निकलने को फर्ज़ ठहराती है। ये फर्माने–नबवी (ﷺ) इस मामले में नस(बुनियाद) की हैसियत रखता है और ये इस बात की वाज़ेह दलील भी है कि हज के बर–खिलाफ, जिहाद तंगी के आ़लम में भी फर्ज़ रहता है। तंगी या आसानी, हर हाल में निकलने का ये हुक्म इक़्दामी क़िताल के हवाले से है और अगर मामला–ए–दिफाअ़ क़िताल का हो तो वोह हुर्मतों और दीन पर हमलावर दुश्मन को पछाड़ने की ख़ातिर क़िताल की अहमतरीन क़िस्म है और इसके फर्ज़ होने पर पूरी उम्मत का इज्माअ़ है। ईमान लाने के बाद सबसे अहम फरीज़ा यही है कि दीन व दुनिया को बर्बाद करने वाले हमलावर दुश्मन को पछाड़ा जाए, लिहाज़ा वहां ज़ादे–राह और सवारी की शर्त लगाने का सवाल ही नहीं पैदा होता।'' **(मिन किताबिल–इख़्तियारात, अल इलमिया लि इब्ने तैमिया, मुलहक़ बिल फ़तावा अलकुबरा, 4/608)**

मसल–ए–ज़ेरे–बहस में, चारों इमामों की राय

आइये, अब इस मसले से मुताअलिक चारों मज़ाहिबे–फ़िक़ही की आराए (रायों) पर एक नज़र डालें।

(अ) अलफ–हनफ़िया की राए –:

इब्ने–आबिदीन रह. फर्माते हैं :

''अगर दुश्मन किसी भी इस्लामी सरहद पर हमलावर हो जाए तो(वहां बसनेवालों पर) जिहाद फर्ज़े–ऐन हो जाता है। इसी तरह उनके क़ुर्बो–जवार में बसनेवालों पर भी जिहाद फर्ज़े–ऐन हो जाता है। अल्बत्ता जो लोग उनसे पीछे, दुश्मन से फासले पर बसते हों, तो जब तक उनकी ज़रूरत न पड़े उन पर जिहाद फर्ज़े–किफाया ही रहता है। लेकिन अगर किसी भी वजह से उनकी ज़रूरत पड़ जाए, मसलन : जिस इलाक़े पर हमला हुआ है उसके क़ुर्बो–जवार में रहने वाले लोग दुश्मन के खिलाफ मज़ाहिमत (प्रतिरोध) करने में बेबस हो जाएं, या बेबस तो न हों लेकिन अपनी सुस्ती की वजह से जिहाद न करें तो ऐसी हालात में उनके इर्द–गिर्द बसनेवालों पर भी जिहाद,नमाज़ और रोज़े की तरह फर्ज़े–ऐन हो जाता है और उसे तर्क करने की कोई गुंजाइश बाक़ी नहीं रहती। फिर फर्ज़ियत का ये दायरा उसके बाद और फिर उसकेबाद वालों तक हस्बे–ज़रूरत फैलता जाता है यहां तक कि इसी तदरीज से बढ़ते हुए एक वक़्त मशरिक़ व मग़रिब में बसने वाले हर मुसलमान पर जिहाद फर्ज़ हो जाता है।'' **(हाशिया इब्ने–आबिदीन : 3/238)**

इमाम कासानी रह.(बदाइउस्सनाअ 7/72) इब्ने–नजीम रह. (अल बहरूल राइक़,लि– इब्ने–नजीम191/5)और इब्ने–हमाम रह.(फ़तहुल क़दीर, इब्ने–हुमाम191/5) ने भी ऐसे ही फतावे दिए हैं।

(ब) मालकिया की राए –:

''हाशिया–अद्दुसूक़ी'' में दर्ज है कि :

'' दुश्मन के अचानक हमले की सूरत में जिहाद फर्ज़े–ऐन हो जाता है, दसूकी रह. फर्माते हैं : दुश्मन के अचानक हमले की सूरत में दिफाअ करना हर एक की जिम्मेदारी बन जाती है, ख़्वाह कोई औरत, गुलाम या बच्चा ही क्यों न हो और चाहे शौहर,आक़ा या क़र्जख्वाह उन्हें मना करें, ये फिर भी निकलेंगे।'' **(हाशिया–अद्दुसूक़ी–2/174)**

(स) शाफिया की राए –:

अलरम्ली रह. **''नहायतुलमुहताज''** में लिखते हैं :

''अगर कुफ्फार हमारे इलाक़े में घुस आएं और हमारे और कुफ्फार के दर्मियान क़सर की मुसाफत रह जाए तो इस मुसाफ़त के अन्दर बसने वाले सब मुसलमानों के लिए दिफाअ करना लाज़िम होगा, हत्ताकि वोह लोग जिन पर आम तौर पर जिहाद फर्ज़ नहीं

होता, यानी फ़क़ीर, कम उम्र बच्चा, गुलाम, मक़रूज़ और औरत, अब उन पर भी लाज़िम होगा कि वह दिफ़ाअ करें।'' (नहायतुल मुहताज–8/58)

(द) हम्बला की राए –:

इब्ने–क़ुदामा रह. अलमुग़नी में रक़म तराज़ हैं :

''तीन सूरतों में जिहाद फ़र्ज़े–ऐन हो जाता है :

1. जब कुफ़्फ़ार व इस्लाम के लश्करों का आमना–सामना हो और दोनों तरफ की सफें एक–दूसरे से टकरा जाएं (तो वहां मौजूद हर मुसलमान पर जिहाद फ़र्ज़े–ऐन हो जाता है।)

2. जब कुफ्फार किसी इलाक़े पर हमलावर हो तो उसके (रहनेवालों) पर फर्ज़े–ऐन हो जाता है कि वोह उनके खिलाफ क़िताल करें और उन्हें बाहर निकालें।

3. जब इमाम किसी (फ़र्द या अफ़राद) को जिहाद के लिए पुकारें तो उन पर फर्ज़ हो जाता है कि वोह निकल खड़े हों।

इमाम इब्ने–तैमिया रह. फर्माते हैं :

''जब दुश्मन इस्लामी सरज़मीन में घुस आए तो बिलाशुब्हा उसे निकाल बाहर करना क़रीबी आबादियों पर,और अगर वोह न निकाल सकें तो उसके बाद वाली क़रीबी आबादियों पर फर्ज़ हो जाता है, क्योंकि मुसलमानों के तमाम इलाक़ों की हैसियत दरअसल एक ही मुल्क की सी है। ऐसी हालत में वालिद और क़र्ज़ख़्वाहों की इजाज़त के बग़ैर निकलना फर्ज़ हो जाता है। इस बारे में इमाम अहमद रह. की राए बिल्कुल वाज़ेह है।

(अल फतावा अल कुबरा–4/608)

मज़कूरा बाला सूरते–हाल में, यानी जब दुश्मन मुसलमानों के किसी इलाक़े पर हमला कर दे, हर एक पर जिहाद के लिए निकलना फर्ज़ हो जाता है। इस हुक्म को शरिअत की इस्तिलाह में ''नफ़ीरे–आम''कहा जाता है।

नफ़ीरे–आम (सबके निकलने) के दलाईल

1. निकलो, चाहे हल्के हो या बोझल

अल्लाह अज़्ज़ु वजल का फर्मान है,

انْفِرُوا خِفَافًا وَثِقَالًا وَجَاهِدُوا بِأَمْوَالِكُمْ وَأَنفُسِكُمْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ذَٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ إِن كُنتُمْ تَعْلَمُونَ(41)

''निकलो, ख़्वाह हल्के हो या बोझल और जिहाद करो अल्लाह के रास्ते में अपने मालों और अपनी जानों से, अगर तुम जानते हो तो यही तुम्हारे लिए बेहतर है।' (सूर : तौबा :41)

इससे पिछली आयते–मुबारका ये बात वाज़ेह करती है कि जो लोग नफ़ीरे–आम के हुक्म की पैरवी नहीं करते और जिहाद के लिए नहीं निकलते,वो अज़ाबे–इलाही के मुस्तहिक हो जाते हैं और अल्लाह तआला सज़ा के तौर पर उनको हटाकर उनकी जगह दूसरे लोगों को ले आता है और ये बात अहले–इल्म से पोशीदा नहीं कि अज़ाब की वईद किसी हराम के इर्तकाब(कर गुज़रने) या किसी फर्ज़ के तर्क करने ही पर सुनाई जाती है।

إِلَّا تَنفِرُوا يُعَذِّبْكُمْ عَذَابًا أَلِيمًا وَيَسْتَبْدِلْ قَوْمًا غَيْرَكُمْ وَلَا تَضُرُّوهُ شَيْئًا وَاللَّهُ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ(39)

''अगर तुम न निकले तो अल्लाह तुम्हें दर्दनाक अज़ाब देगा और तुम्हारी जगह कुछ और लोगों को ले आएगा और तुम उसे कुछ नुक़सान न पहुंचा सकोगे और यक़ीनन अल्लाह हर शै पर क़ादिर है।'' (सूर : तौबा : 39)

इब्ने–कसीर रह. इस आयत की तशरीह में लिखते हैं :

''अल्लाह तआला ने ग़ज़वा–ए–तबूक के मौक़े पर मुसलमानों को रसूलल्लाह (ﷺ)के साथ नफ़ीरे–आम (यानी तमाम मुसलमानों को निकलने) का हुक्म दिया, ताकि अल्लाह के दुश्मनों,अहले–किताब रूमी काफ़िरों के खिलाफ जंग की जाए। इमाम बुख़ारी ने इस आयते–मुबारक को अपनी किताब में इस उन्वान के तहत ज़िक्र किया है :

''सब मुसलमानों के निकलने का वाजिब होना और जिहाद और उसकी नीयत से मुताअलिक वाज़िब उमूर।'' वाक़िया यह है कि जब मुसलमानों के कानों तक ये बात पहुंची कि ईसाई लश्कर मदीना पर हमले के लिए ज़ज़िरा–ए–अरब की सरहदों

पर जमा हो रहा है तो अल्लाह तआला ने *नफ़ीरे–आम* का हुक्म दे दिया। **अगर महज़ इस वजह से तमाम मुसलमानों को जिहाद के लिए निकलने का हुक्म दे दिया गया कि दुश्मन सरहदों पर जमा हो रहा है, तो उस वक़्त क्या हुक्म होगा जब कुफ्फार अमलन मुसलमानों के इलाक़े में घुस आएं ? क्या ऐसे हालात में नफ़ीरे–आम बदर्जा–ए–अव्वल फर्ज़ नहीं होगा ?**

हज़रत अबूतल्हा रज़ि. ने अल्लाह तआला के फर्मान(निकलो, ख़्वाह हल्के हो या बोझल) की तशरीह करते हुए फर्माया :

***''अधेड़ उम्र हो या जवान (सब को निकलना होगा, क्योंकि) अल्लाह ने किसी का उज़्र क़बूल नहीं किया।''*(मुख्तसर, इब्ने–कसीर 144/2)**

इमाम हसन बसरी रह. इसी फर्माने–इलाही की तशरीह में फर्माते हैं :

''फ़िल उसरि वल युसरा।''

''तंगी व आसानी, दोनो हालतों में निकलना फर्ज़ है।''

इमाम इब्ने–तैमिया रह. ''**मजमुआ अल फ़तावा**''में फरमाते हैं।

''बस अगर दुश्मन मुसलमानों पर हमले का इरादा करे तो उसे दफा करना सब पर फर्ज़ होगा, उन पर भी जो हमले का हदफ हों और उन पर भी जो हदफ न हों और जैसा कि अल्लाह तआला का फर्मान है

وَإِنِ اسْتَنصَرُوكُمْ فِى الدِّينِ فَعَلَيْكُمُ النَّصْرُ(72)

''और अगर वो दीन के मामले में तुमसे मदद मांगे तो उनकी मदद करना तुम पर फर्ज़ है।'' (अल अनफ़ाल–72)

जैसा कि नबी (ﷺ)ने भी (कई अहादीसे–मुबारका में)मुसलमानों की मदद करने का हुक्म दिया है। ये हुक्म सबके लिए है, ख़्वाह कोई बाक़ायदा तनख्वाह–दार फौजी हो या आम मुसलमान,हर एक पर हसबे–इस्तिताअत जान व माल से दिफाई जिहाद करना फर्ज़ है, चाहे क़िल्लत हो या कसरत,सवारी मयस्सर हो या पैदल ही निकलना पड़े। बिल्कुल इसी तरह जैसे **ग़जवाए–ख़न्दक़ के मौक़े पर जब दुश्मन ने मुसलमानों का रूख़ किया तो अल्लाह तआला ने किसी को भी जिहाद से पीछे रहने की इजाज़त नहीं दी।''(मजमुआ अल फ़तावा 358/28)**

इमाम जौहरी रह. फर्माते हैं :

''हज़रत सईद बिन मुसय्यब रह. जंग के लिए निकले, हालांकि उनकी एक आंख पहले ही जंग की नज़र हो चुकी थी।''आपसे कहा गया : आप माअज़ूर हैं, आप आराम कीजिए, निकलने को और बहुत से लोग मौजूद हैं। फर्माया : नहीं, अल्लाह ने ख़फ़ीफ़ व सक़ील, हर शख़्स को निकलने को कहा है। अगर मैं जंग

नहीं कर सकता तो क्या हुआ, मुजाहिदीन की तादाद में इज़ाफे का सबब ही बन जाऊंगा और उनके सामान की हिफाज़त करूंगा।''

(अल–जामेअ, लि–अहकामुल–कुर्आन)

2. तुम सब उन सबसे लड़ो।

अल्लाह अज़्ज़वजल का फर्मान है :

وَقَاتِلُوا الْمُشْرِكِينَ كَافَّةً كَمَا يُقَاتِلُونَكُمْ كَافَّةً وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ مَعَ الْمُتَّقِينَ(36)

रही बात ये कि अहमतरीन फर्ज़े–ऐन अल्लाह की तौहीद की मअरफ़त और इक़रार है तो ये बात यक़ीनन दुरूस्त है, लेकिन यहां से ऐतराज इसलिए ख़ारिज अज़ बहस है कि जिहाद के हुक्म के मुख़ातिब ही वो लोग हैं जो पहले से अक़ीदा–ए–तौहीद पर ईमान ला चुके हैं। खुद जिहाद भी तौहीद और उसकी दावत की बालादस्ती का ज़रिया है, आप (ﷺ) ने फर्माया, ***"मुझे क़यामत तक के लिए तलवार के साथ मबउस किया गया है, यहाँ तक कि अल्लाह वहदहू लाशरीक की इबादत की जाने लगे।" (अहमद)***

जहाँ तक ईमान की तफसीली मअरफत (ईमाने–मुफस्सिल) का तअल्लुक है जो दरअसल इल्म का समरा (निचोड़) है, तो उसका हुसूल फर्ज़े–किफाया की हैसियत रखता है। अहकामे–तौहीद की तफसीली तालीम की भी यही हैसियत है। इसलिए अगर जिहाद फर्ज़े–ऐन हो तो उसकी तालीम को मुक़द्दम रखना दुरूस्त न होगा। ताहम तौहीद के जिन मौज़ूआत की तालीम नागुज़ीर हो तो उसे हस्बे–मौक़ा जिहाद के साथ जारी रखा जाएगा। जैसा कि एक सहीह हदीस में जो सुनने–तिर्मिज़ी और मुस्नद अहमद में दर्ज है, वारिद है कि ग़ज़वाए हुनैन में जो नए मुसलमान शरीके–जिहाद थे, उन्होंने रसूलुल्लाह (ﷺ) से एक ऐसे दरख़्त (ज़ाते–अनवात) के तअय्युन का मुतालबा किया, जैसा मुश्रिकीन ने अपने लिए मुक़र्रर कर रखा था, वोह उसके पास मुअतकिफ़ रहते थे और अपना अस्लाह आविज़ाँ (लटकाया) करते थे।

रसूलुल्लाह (ﷺ) ने इसके जवाब में फर्माया था *'उस ज़ात की क़सम ! जिसके*

हाथ में मेरी जान है तुमने ऐसी ही बात की जैसी कि बनी इसराईल ने मूसा अलै. से कही थी, (ऐ मूसा अलै.!) हमारे लिए भी कोई माबूद ऐसा ही मुक़र्रर कर दीजिए जैसे (कुफ़्फ़ार) के ये माबूद हैं, फरमाया, वाक़ई तुम लोगों में बड़ी जिहालत है।'

अल्ग़रज़, रसूलुल्लाह (ﷺ) ने उन सब मुसलमानों को अपने साथ शरीके-जिहाद रखा। बल्कि आप (ﷺ) ने नए ईमान लाने वालों और सिर्फ तौहीद व रिसालत की बुनियादी ग़वाही देने वालों को भी जिहाद में शिर्क़त पर उभारा और शहादत मिलने पर जन्नत की बशारत दी। (मुतर्ज़िम)

दिफाई जिहाद के अहमतरीन फर्ज़े–ऐन होने के दलाइल

जिहाद के दौरान नमाज़ को मुअख़्खर करके दो वक़्त की नमाज़ें जमा भी की जा सकती हैं, नमाज़ की रकअत मुख़्तसर करना भी जाइज़ है और अदायगी–ए–नमाज़ की कैफियत तबदील करने की भी इजाज़त है। सहीहैन में रिवायत है कि रसूलुल्लाह (ﷺ) ने ग़ज़्वा–ए–ख़न्दक़ के मौक़े पर फर्माया :

''अल्लाह उनके घरों और क़ब्रों को आग से भर दे जैसे उन्होंने हमें सलाते-वुस्ता (यानी नमाज़े–अस्र) पढ़ने का मौक़ा नहीं दिया, यहां तक की सूरज गुरूब हो गया।'' (सही बुख़ारी)

इसी तरह एक मुजाहिद को रमज़ान में रोज़ा छोड़ने की इजाज़त भी है, जैसा कि सहीह मुस्लिम में रिवायतकर्दा हदीस है कि रसूलुल्लाह (ﷺ) ने फतहे–मक्का के मौक़े पर मक्का की जानिब सफर के दौरान (वक़्त से पहले) रोज़ा खोल लिया और सहाबा–ए–किराम रजि.से फर्माया :

''बेशक सुबह तुम्हें अपने दुश्मन से टकराना है और रोज़ा खोल (कर कुछ खा) लेना तुम्हारे लिए ज़्यादा कुव्वत का बाइस होगा, लिहाज़ा रोज़ा खोल लो।''

(सही मुस्लिम, किताबुस्सियाम)

फर्ज़े–ऐन में इजाज़त लेने या देने का सवाल ही नहीं

हम ये बात भी जान चुके हैं कि जिहाद जब फर्ज़े–ऐन हो जाए तो उसकी अदाएगी के लिए किसी से इजाज़त नहीं मांगी जाती। जिस तरह नमाज़े–फज्र अदा करने के लिए न वालदैन से इजाज़त तलब करने की ज़रूरत होती है, न अपने शैख़ से, न ही (क़बीले, जमाअत या मुल्क के) सरबराह से, इसी तरह जिहाद पर जाने के लिए भी किसी से इजाज़त की ज़रूरत नहीं। मसलन अगर कोई बाप बेटा एक ही घर में सो रहे हों और बेटा उठकर नमाज़े–फज्र अदा करना चाहे और बाप सोता रहे, तो क्या आप में से कोई भी ये कहेगा कि बेटे को नमाज़ के लिए बाप की इजाज़त तलब करना ज़रूरी है? ये तो एक मसला हुआ।

अब ज़रा एक लम्हें के लिए ये फर्ज़ कर लें कि ये बाप अपने बेटे को नमाज़े–फज्र पढ़ने से मना कर देता है ताकि उसके जागने से बाकी घरवालों की नींद ख़राब न हो, या

इसलिए कि बाप को नमाज़ सिरे से पसन्द ही नहीं, या किसी भी और वजह से, तो क्या ऐसे में बेटे के लिए बाप की बात मानना जाइज़ होगा ? इस सवाल का जवाब तो रसूले–अकरम (ﷺ) खुद ही अपने अहकामात में वाज़ेह फर्मा चुके हैं। (वाज़ेह रहे कि फर्माने–रसूल (ﷺ) है कि *इताअत सिर्फ़ नेकी के कामों में है।* (मुतर्जिम))

तर्के–जिहाद का हुक्म देना खालिक़े–कायनात की नाफर्मानी है।

रसूलुल्लाह (ﷺ) का फर्मान है :

"इताअत सिर्फ नेकी के कामों में है।"

(मुत्तफ़िक अलैह, सहीह जामेअ–अस्सग़ीर लिल अलबानी, 7379,3967)

आप (ﷺ) ने ये भी फर्माया :

'अल्लाह अज़्ज़वजल की नाफर्मानी में किसी मख़्लूक़ की इताअत (जाइज़) नहीं।'

(सही सनद, मुसनद अहमद व हाकिम)

नीज़ ये फर्माया :

"कोई इताअत नहीं की जाएगी उस शख़्स की जो अल्लाह अज़्ज़वजल की इताअत न करे।" (रिवायत सहीह, मुसनद अहमद)

चूंकि जिहाद तर्क करना ख़ालिक़े–कायनात की नाफर्मानी है, इसलिए मख़्लूक़ में से चाहे कोई भी इसका हुक्म दे, उसकी इताअत नहीं की जाएगी। जिहाद के लिए इजाज़त तलब करने की शरई हैसियत को मज़ीद वाज़ेह करने के लिए मैं अल्लाह से तौफीक़ मांगते हुए चन्द और बातें कहना चाहूँगा।

सहाबा–ए–किराम रजि.का तरीक़ा तो यही था कि जब एक बार जिहाद का अलम बुलन्द कर दिया जाता और उम्मत के लिए नफीरे–आम का ऐलान कर दिया जाता तो आप हज़रात रजि. जिहाद में शिर्कत के लिए रसूलुल्लाह (ﷺ) से इजाज़त नहीं मांगते थे। सहाबा रज़ि. तो जिहाद की नीयत करने और जंग के लिए नाम लिखवा देने के बाद रसूले–अकरम (ﷺ) से इज़्न तलब करने आते थे,जिसकी हैसियत जिहाद में शिर्क़त के लिए इजाज़त की नहीं होती थी, बल्कि वोह तो दरअसल जिहाद मे अपने क़िरदार से मुताअल्लिक़ मश्वरा होता था, जिसकी रोशनी में हर सहाबी रज़ि. अपनी ज़िम्मेदारी अदा करते थे।

इमाम अहमद रह. और इमाम नसाई रह. की रिवायतकर्दा सहीह हदीस में मुआविया बिन जाहिमा अलसुलैमी रज़ि.फर्माते हैं कि हज़रत जाहिमा रजि. नबी–ए–अकरम (ﷺ)के पास आए और फर्माया :

"ऐ अल्लाह के रसूल (ﷺ) ! मैं क़िताल में शिर्क़त का इरादा कर चुका हूँ और आपसे मश्वरा लेने आया हूँ।"

"आप (ﷺ) ने पूछाः क्या तुम्हारी वालदा (ज़िन्दा) है?"

सहाबी रजि. ने फर्माया : जी !

" तो आप (ﷺ) ने फर्माया, उन्हीं के पास रहो, क्योंकि बिलाशुब्हा जन्नत उनके क़दमों में है।"(नैलुल–अवतार लिल शौकानी 37/8)

जबकि एक और रिवायत में ये अल्फ़ाज़ मिलते हैं :**"मैंने अपना नाम (फलाँ) गज़वे में लिखवा दिया है"**

ये मामला तब है जब जिहाद फर्ज़े–किफ़ाया हो। लेकिन जब जिहाद फर्ज़े–ऐन हो जाए और शरिअ़त सब ही लोगों से निकलने का मुतालबा करे, तो ऐसे में रसूलुल्लाह (ﷺ) से जिहाद (से पीछे रह जाने) के लिए इजाज़त तलब करने को मुनाफिक़त की निशानी क़रार दिया गया है। अल्लाह तआला का फर्मान है :

لَا يَسْتَأْذِنُكَ الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ اَنْ يُّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ بِالْمُتَّقِيْنَ **(44)** اِنَّمَا يَسْتَأْذِنُكَ الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَارْتَابَتْ قُلُوْبُهُمْ فَهُمْ فِيْ رَيْبِهِمْ يَتَرَدَّدُوْنَ **(45)**

'जो लोग अल्लाह और रोज़े–आख़िरत पर ईमान रखते हैं वोह तो आपसे इजाज़त नहीं मांगते कि(पीछे रह जाएं,बल्कि चाहते हैं कि)अपने मालों और अपनी जानों से जिहाद करें और अल्लाह मुत्तक़ी लोगों से खूब वाक़िफ है। इजाज़त तो वही लोग मांगते हैं जो अल्लाह पर और आख़िरत के दिन पर ईमान नही रखते और उनके दिल शक में पड़े हुए हैं और वोह अपने शक में डंवाड़ोल हो रहे हैं।'

(सूरःतौबाः44-45)

इसी तरह हमारे इल्म में ऐसी कोई बात भी नही कि सहाबा–ए–किराम रज़ि. या ताबईन रह., रसूलुल्लाह (ﷺ) की वफ़ात के बाद खुलफा–ए–राशिदीन, यानी हज़राते अबुबक़र, उमर, उ़स्मान और अ़ली रज़ि. से जिहाद में शिर्कत के लिए इजाज़त मांगा करते थे। क्या आपके ख़्याल में जिहाद में शरीक होने वाला हर शख़्स पहले हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ि. के पास जाकर इजाज़त तलब करता था? यक़ीनन,ऐसा कभी नहीं हुआ, क्योंकि अलमे–जिहाद का बुलन्द हो जाना और लश्कर का मैदान में निकल आना ही असल अहमियत का हामिल होता है, जिसके बाद किसी से इजाज़त की ज़रूरत बाक़ी नहीं रहती।

इजाज़त का मामला तो दुश्मन पर हमले की तदबीर व तर्तीब वग़ैरह से मुताअल्लिक़ है।

इसके बाद के दौर में भी हमें कोई बात नहीं मिलती कि मुसलमान रबात या जिहाद की इबादत अदा करने के लिए पहले अमीरूलमोमिनीन से इजाज़त हासिल करते थे,न ही हमें पूरी इस्लामी तारीख़ में कोई एक भी ऐसा वाक़िया नज़र आता है जब मुसलमानों के अमीर ने बिला–इजाज़त जिहाद व क़िताल करने के *'जुर्म'* में किसी शख़्स को सज़ा दी हो। इजाज़त तो ऐन क़िताल में या दुश्मन पर हमले के वक़्त जिहाद के अमीर या मअरके के क़ाइद से ली जाती है, (जिसका मक़सद ये पूछना नहीं होता कि ''मैं जिहाद में शिर्क़त करूं या नहीं?'' बल्कि) ये इजाज़त जिहाद में कूद पड़ने के बाद उमूरे–जिहाद को मुनज़्ज़िम और मुन्ज़बत (व्यवस्थित) अंदाज़ से चलाने के लिए ली जाती है,ताकि मुसलमानों में से कोई शख़्स क़ब्ल अज़ वक़्त (और बेतर्तीब अंदाज़ में) हमला करके मुजाहिदीन की सारी मन्सूबाबन्दी ही ख़राब न कर ड़ाले।

इमाम औज़ाई रह. और बाज़ दीग़र फुक़हा के नज़दीक इजाज़त की ज़रूरत सिर्फ उन लोगों को है जो बाक़ायदा फ़ौज का हिस्सा हों और उन्हें बैतुलमाल से तन्ख़्वाह मिलती हो। रमली रह. फर्माते हैं : ''इमाम या उसके नाइब की इजाज़त के बग़ैर दुश्मन के ख़िलाफ लड़ना मकरूह है, लेकिन उन (तीन) हालात में कोई कराहत नहीं :

1. जब अमीर ने जिहाद को मुअत्तल(स्थगित) कर रखा हो।
2. जब इजाज़त मांगने से असल मक़सद ही फौत हो जाए, (मसलन जब ये नज़र आ रहा हो कि अगर इजाज़त मिलने का इंतज़ार किया गया तो मुसलमानों का नुकसान हो जाएगा या दुश्मन कार्यवाही करके भाग निकलेगा,वग़ैरह–वग़ैरह)
3. जब ग़ालिब गुमान यही हो कि अमीर इजाज़त नहीं देगा, जैसाकि बल्क़ीनी रह. ने भी फर्माया है। *(नहायतुल महताज–60/8)*

मैं अपनी बात फिर दोहराऊंगा कि ये सब अहकामात उन हालात के लिए हैं जब जिहाद फर्ज़े–किफ़ाया हो। लेकिन जब जिहाद फर्ज़े–ऐन हो जाए तब इजाज़त मांगना या देना, कुछ बाक़ी नहीं रहता।

इब्ने–रूश्द फर्माते हैं :

''इमाम ग़ैर आदिल ही क्यों न हो उसकी इताअत ज़रूरी है, जब तक कि वोह मअसियते–इलाही (अल्लाह की नाफर्मानी) का हुक्म न दे और जिहाद के फर्ज़े–ऐन हो जाने के बाद जिहाद से रोकना मअसियत (गुनाह) ही है।''

(फ़तहुल–आला,अल मालिक लिल शैख़ अलीश–390/1)

जब तक मुजाहिदीन की तादाद नाकाफी हो, इजाज़त मांगने का सवाल ही पैदा नहीं होता !

इस मसले की मज़ीद वज़ाहत करने के लिए मैं ये बताता चलूं कि फर्ज़े–किफ़ाया में भी इजाज़त मांगने या देने का सवाल तब ही खड़ा होता है जब'किफ़ायत'पूरी हो जाए, यानी जब फरीज़–ए–जिहाद की अदाएगी के लिए मुजाहिदीन की तादाद काफी हो जाए। लेकिन इतनी तादाद जमा होने से पहले जिहाद का हुक्म सब ही के लिए होता है और जब तक कुछ लोग इस फर्ज़ को अदा नहीं कर देते जिहाद सब पर फर्ज़ रहता। यानी ''किफ़ायत'' के पूरे होने से पहले फर्ज़े–ऐन और फर्ज़े–किफ़ाया में कोई फर्क़ नहीं । लिहाज़ा जब तक 'किफ़ायत'पूरी नहीं होती, फर्ज़े–किफ़ाया जिहाद के लिए भी किसी से इजाज़त नहीं मांगी जाएगी । इजाज़त देने लेने का सवाल तब खड़ा होगा जब हमें मालूम हो जाए कि अर्ज़े–मअरके में मुजाहिदीन की इतनी तादाद जमा हो चुकी है जो फरीज़ा–ए–जिहाद की अदाएगी के लिए काफी है ।

ऐन मुमकिन है कि कोई शख़्स ये सारी बातें पढ़ने के बाद कहे कि : *हमें यक़ीन आ गया है कि जिहाद आज फर्ज़े–ऐन है, और इसके लिए किसी से इजाज़त लेने की क़तअन कोई ज़रूरत नहीं*, लेकिन चन्द अहम सवालात फिर भी बाक़ी हैं :

1. क्या नफीरे–आम के हुक्म की अमली तत्बीक़ आज के हालात में भी मुमकिन है?

2. क्या हम उन हालात में भी कुफ़्फ़ार के खिलाफ जिहाद करें जबकि मुसलमानों के पास कोई एक मुतफक़्क़ा अमीर या ख़लीफा नहीं है ?

3. क्या हम अफ़ग़ानिस्तान के क़िताल में शरीक हों हालांकि, मुजाहिदीन मुख़्तलिफ गिरोह और क़यादतों में बंटे हुए हैं ?

4. अगर सब लोग जिहाद छोड़ बैठें तो क्या एक मुसलमान तन्हा ही क़िताल करे ?

5. क्या हम ऐसे मुसलमानों के साथ भी मिलकर क़िताल करें जिनकी दीनी तर्बियत नाक़िस (अधूरी) है ?

6. क्या हमारे लिए कमज़ोरी के आलम में कुफ़्फ़ार से मदद तलब करना जाइज है ?

पहला सवाल

क्या नफीरे—आम के हुक्म की अमली तत्बीक़ आज के हालात में भी मुमकिन है ?

इस्लाम ने नफीरे—आम का जो हुक्म दिया है, यानी ये कि सब लोग जिहाद के लिए निकल आएं, हत्ताकि बीवी शौहर से (महरम साथ होने की शर्त के साथ !) और बेटा वालिद से इजाज़त लिए बग़ैर ही निकल पड़ें, बाज लोगों के ख़्याल में इस हुक्म पर अ़मल दरआमद तक़रीबन नामुमकिन है और उसकी वजूहात कुछ इस तरह गिनवाई जाती हैं किः

1. अगर सब लोग ही जिहाद के लिए निकल आएं तो कोई भी इस्लामी सरज़मीन ऐसी नहीं जहां मुसलमानों की कुल तादाद का दसवां हिस्सा भी समा सके।

2. अगर सब लोग जिहाद के लिए निकल पड़ें तो लोगों की दीनी तर्बियत का काम मुतास्सिर होगा, हालांकि यही तर्बीयत उम्मते—मुस्लिमा को तबाही से बचाने की आख़िरी उम्मीद है।

3. अगर हर शख़्स फ़िलिस्तीन, अफ़ग़ानिस्तान और दीग़र मक़बूज़ा सरज़मीनों का रूख कर ले तो पीछे मुसलमानों के अपने इलाक़ों में एक ख़ला पैदा हो जाएगा जिससे सेक्यूलर, क़ौमपरस्त, इश्तिराकी और बअसी अनासिर (बाहरी दुश्मन) फाएदा उठाएंगे।

जवाबः अगर मुसलमान नफीरे—आम से मुताअ़ल्लिक़ अपने रब का हुक्म और अपनी शरिअ़त का फ़ैसला महज़ ***एक हफ्ते के लिए*** नाफिज़ करें, सिर्फ एक हफ्ता उस पर पूरी तरह अ़मल करें तो फ़िलिस्तीन नजिस यहूदियों से पाक़ हो जाए। अगर ये पूरी की पूरी उम्मत जिहाद के लिए उठ खड़ी हो तो अफ़ग़ानिस्तान से काफिरों को निकाल बाहर करने के लिए भी बहुत ज़्यादा वक़्त दरकार नहीं होगा और थोड़े से अर्से के लिए जिहाद पर निकल जाने से न तो मआशरे में किसी दाई की कमी होगी, न मुसलमान ख़्वातीन के निकलने से उनके घर ज़मीन पर आ पड़ेंगे।

लेकिन हमारा हाल ये है कि हम हर मर्तबा बैठे इन्तिज़ार करते हैं, तमाशा देखते हैं यहां तक कि कुफ़्फ़ार एक और इस्लामी सरज़मीन पर क़ाबिज़ हो जाते हैं। फिर जब क़ब्ज़ा हो चुकता है तो हम चीख़ दहाड़कर, खुतबे झाड़कर, आंसू बहाकर और आहें भर—भर के उसका सोग़ मनाते हैं। (अल्लाह गवाह है कि आज यही सब कुछ हो रहा है। मुसलमानों के पेशाब की धार में बह जाने वाले इज़राईल को वरना क्या चीज़ बचाए हुए है? यक़ीनन, यह हमारा ***"वहन"*** ही है। (मुतर्जिम))

हमारे ज़हनों में क़ौमपरस्ताना तसव्वुरात रासिख़ (जमे हुए) हैं?

अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि इस्लाम के बारे में सोचते हुए भी हमारे ज़हनों पर क़ौमपरस्ताना तसव्वुरात ग़ालिब आ जाते हैं और हमारी निग़ाहें वो मस्नूई सरहदें पार नहीं कर पातीं जो मुआहिदा **साएक्स पेकय्** ने हमारे लिए खींची थी या जॉन **अन्तोन** नामी बर्तानवी या किसी और फ्रांसिसी काफ़िर ने जिनका तअय्युन किया था। आख़िर क्या वजह है कि शाम की सरहद पर वाक़ेअ अदन के शहर **''रमसा''** में रहने वाला मुसलमान उरदुन ही के एक और शहर **''उक़बा''** में रहने वाले शख़्स से गहरी वाबस्तग़ी का अहसास रखता है और उसके बारे में ऐसे ही फिक्र करता है जैसे एक मुसलमान भाई की फिक्र होनी चाहिए, हालांकि ''उक़बा'' उससे छः सौ (600) मील के फासले पर है ? लेकिन यही मुसलमान सरहद पार शाम के इलाक़े **''दरआ''** में बसने वाले शख़्स के बारे में न ऐसे जज़बात रखता है,न उसकी फिक्र करता है, हालांकि ''दरआ'' (शाम) और उक़बा (उरदुन) दोनों के बाशिन्दे मुसलमान हैं,बल्कि हो सकता है कि ''दरआ'' में रहने वाला दूसरे शख़्स से ज़्यादा दीनदार और पाबन्दे–शरई हो? बिलाशुब्हा ये रवय्ये हमारे ज़हनों में रासिख़ क़ौमपरस्ताना तसव्वुरात ही का नतीजा है।

(हिन्दुस्तान के जैसलमेर का एक मुसलमान सिन्ध,पाकिस्तान के अपने हमज़ात के लिये तो तड़पता है, मगर उसी पाकिस्तान के फाटा के मज़्लूम मुस्लिम के लिये नहीं तड़पता। बस, यही क़ौमपरस्ताना तसव्वुरात हैं।(मुतर्जिम))

दूसरा सवाल

क्या हम उन हालात में भी कुफ़्फ़ार के खिलाफ जिहाद करें जबकि मुसलमानों का कोई एक मुतफिक़्क़ा (एक राय)अमीर या ख़लीफा नहीं है?

जी हाँ, अमीर न हो तब भी जिहाद करना हमारी ज़िम्मेदारी बनती है ! ये बात तो किसी ने भी नहीं कही कि अगर मुसलमानों का एक मुत्तफ़िक़ा अमीर न हो तो जिहाद की फ़र्ज़ियत साक़ित हो जाती है। बल्कि इसके बरअक्स, हम देखते हैं कि सलीबी जंगों के दौरान और तातारियों के खिलाफ़ जिहाद में मुसलमानों के हर इलाक़े का अलग–अलग अमीर होता था, बल्कि बाज़ औक़ात एक इलाक़े में भी एक से ज़्यादा उमराअ् होते, मगर उसके बावजूद मुसलमानों ने उनके खिलाफ जिहाद किया। मसलन उस वक़्त **''हल्ब''** में अलग–अलग अमीर था , **''दमिश्क़''** में अलग–अलग और **''मिसर''** में तो एक से

ज़्यादा उमरा थे, जिनमें से बाज़ तो मुसलमान उमराअ् के ख़िलाफ भी सलीबियों से मदद तलब करते हुए नहीं शर्माते थे। जैसा कि "**शावर**" ने मिस्र के एक और अमीर "**जरग़ाम**" के खिलाफ सलीबियों से मदद हासिल की। लेकिन मुसलमानों ने उसमें से किसी बात को भी जिहाद से मुंह फेरने का उज़्र नहीं बनाय।

आज तक किसी आ़लिम ने ये नहीं कहा कि ऐसे हालात में जिहाद की फर्ज़ीयत साक़ित हो जाती है और ***"मुसलमानों की सरज़मीन से कुफ़्फ़ार को बाहर निकालना"*** फर्ज़ नहीं रहता। बल्कि हक़ीक़त तो ये है कि ऐसे में जिहाद की फर्ज़ीयत पहले से भी कई गुनाह बढ़ जाती है।

उन्दलूस (स्पेन) में भी मुसलमानों की सूरते–हाल उससे बहुत मुख़्तलिफ नहीं थी। जैसा कि एक शायर कहता है :

वोह गिरोहों में बँट चुके थे

और हर मुहल्ले में एक नया अमीरूलमोमिनीन और एक नया मिंबर था।

इसी तरह एक और शायर कहता है :

जिस चीज़ ने सरज़मीने–उन्दलूस में मेरा दिल उचाट किया, वोह बादशाहों का अपने लिए मुअ़तमद और मुअ़तज़द जैसे बुलन्द व बाला अलक़ाबात इख़्तियार करना था, ऐसे अलक़ाबात जिनके वो सिरे से मुस्तहिक़ ही न थे।"

बिल्कुल उस बिल्ली की तरह जो मुंह फुलाकर, पंजों के बल खड़ी होकर खुद को शेर ज़ाहिर करना चाहे। लेकिन इस इन्तिशार के बावजूद उलमा में से किसी ने नहीं कहा कि उन हालात में कोई जिहाद नहीं होता, बल्कि हम देखते हैं कि उन्दलूस में तो उलमा खुद पहली सफों में लड़ते थे।

ये भी मुमकिन है कि किसी मअ़रके में अमीर की तरफ से मुतय्यनकर्दा कोई क़ाएदा न हो, जैसाकि ग़ज़्वाए मौता के मौक़े पर हुआ। चुनांचे रसूलुल्लाह (ﷺ) की तरफ से मुतय्यनकर्दा तीनों क़ाईदीन की शहादत के बाद, हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ि. उठे और उन्होंने अ़लम संभाल लिया, हालांकि उन्हें रसूलुल्लाह (ﷺ) की तरफ से मुतय्यन नहीं किया गया था,और अल्लाह ने उन्हीं रज़ि. के हाथों मुसलमानों के लश्कर को बचा निकाला। रसूलुल्लाह (ﷺ) ने न सिर्फ आप रज़ि. के इस फेअ़ल को दुरूस्त क़रार दिया बल्कि आप रज़ि. की तारीफ़ भी फर्माई।

खुद ख़िलाफत के क़याम का असल रास्ता भी जिहाद है।

इसी तरह ये भी मुमकिन है कि किसी इमाम या अमीरूलमोमिनीन का वुजूद ही न हो, लेकिन न तो उससे क़िताल की फ़र्ज़ियत पर कोई असर पड़ता है, ना ही ***"मुसलमानों की सरज़मीनों से कुफ़्फ़ार को निकालने'*** का फर्ज़ साक़ित होता है।

"हमारा ये काम नहीं कि हम बैठकर "विलायते–कुबरा"के क़ायम होने और ख़िलाफ़त के लौटने का इंतज़ार करें, क्योंकि इस्लामी ख़िलाफत अमली दुनिया से कोसों दूर बैठकर उलूमो–फुनून पर उबूर (महारत)हासिल करने और बहुत कुछ पढ़ लेने से कायम नहीं होती बल्कि ***इसके क़याम का तो असल रास्ता जिहाद है, जिसके ज़रिए "विलायते–ख़ासा" यानी क़िताल की ईमारत, "विलायते–आम्मा" यानी खिलाफ़त में तबदील हो जाती है।"***

अगर किसी वक़्त मुसलमानों का कोई ख़लीफा या अमीरूल–मोमिनीन न हो, तो मुजाहिदीन क्या करें ?

अगर किसी वक़्त मुसलमानों का कोई ख़लीफा या अमीरूलमोमिनीन न हो, तो मुजाहिदीन खुद अपने में से किसी एक शख़्स को अपना अमीर चुन लेंगे। वही उनके मुआमलात को मुनज़्ज़म करेगा, उनकी शिराज़ाबन्दी करेगा और उनके दर्मियान आपसी तआवुन का ज़रिया बनेगा।

एक सहीह हदीस में सहाबी–ए–रसूल (ﷺ) हज़रत उक़्बा बिन आमिर रज़ि. से रिवायत है, आप रज़ि. फ़र्माते हैं :

"रसूलुल्लाह (ﷺ) ने एक सरिया रवाना फर्माया। बस मैंने(सरिये में शरीक) एक शख़्स को तलवार से मुसल्लाह किया। फिर आप रज़ि. फर्माते हैं कि जब वोह शख़्स वापस आया तो उसने(मुझे सरिये की रूदाद सुनाते हुए) कहा मैंने रसूलुल्लाह (ﷺ) को कभी किसी को यूं मलामत करते नहीं देखा जैसे उन्होंने हमें मलामत की है। आप (ﷺ) ने फर्माया : क्या तुमसे इतना भी नहीं हो सकता कि जब मैं किसी शख़्स को(अमीर बनाकर) भेजूं और वोह मेरे हुक्म के मुताबिक़ न चले तो तुम उसकी जगह किसी ऐसे शख़्स को(अमीर) बना लो जो मेरे हुक्म के मुताबिक़ चले।"

(रवाहु–अबूदाऊद व अहमदो–हाकिम व उनज़र फतहुलरब्बानी–45/41)

(सरिया–जिसमें रसूलुल्लाह (ﷺ) बज़ाते–ख़ुद शरीक न हों,उसे सरिया कहते हैं।)

इस वाक़िए में रसूलुल्लाह (ﷺ) ने सहाबा रज़ि.को इस बात पर उभारा कि अगर ज़रूरत पड़े तो ऐसे अमीरे–लश्कर को भी बदल डालें जिसे आप (ﷺ) अपने मुबारक हाथों से अलम थमा चुके हों, और उसकी जगह पर नया अमीर मुक़र्रर कर लें। तो जहां सिरे से ही कोई अमीर न हो, क्या वहां अमीरे–जिहाद मुक़र्रर करने की ज़रूरत शदीदतर नहीं हो जाती?

इमाम की अ़दम मौजूदगी(ग़ैरमौजूदगी) की वजह से जिहाद मुअख़्ख़र नहीं किया जाएगा !

इमाम इब्ने–कुदामा रह. "अल्मुग़नी" में फर्माते हैं :

'बस इमाम की अ़दम–मौजूदगी की वजह से जिहाद मुअख़्ख़र (स्थगित) नहीं होगा, क्योंकि ताख़ीर करने से जिहाद की मस्लिहत ही फौत हो जाती है।'

(अलमुग़नी 253/8)

और जब लोग किसी को अपना अमीर चुन लें तो उसकी इताअ़त करना वाजिब हो जाता है। फतहुल उला अल–मालिक में लिखा है :

"शैख़ मयारा रह.नक़ल करते हैं कि जब कोई अमीर न हो और लोग किसी नुमायां शख़्सियत पर मुत्तफिक़ हो जाएं (और उसे अपना अमीर बना लें), ताकि वोह उनके मामलात संवारे और उनके ताक़तवर लोगों को कमज़ोरों पर ज़्यादती न करने दे,और वोह शख़्स इस काम में अपनी सारी सई व कुव्वत भी लगा रहा हो, तो उसके खिलाफ उठ खड़े होना जाइज़ नहीं है। यक़ीनन ऐसी हरकत करने वाला इस्लाम की वहदत तोड़ना चाहता है और मुसलमानों के दर्मियान तफरीक़ पैदा करने का इरादा रखता है। चुनांचे सहीह मुस्लिम की हदीस है :

"अनक़रीब बहुत फितना व फसाद होगा, बस जो शख़्स इस उम्मत के मुत्तहिद होने के बाद उसकी वहदत को फाड़ना चाहे, उसको तलवार से मार डालो, चाहे वोह कोई भी हो।" (सहीह मुस्लिम, किताबुल–इमारह)

तीसरा सवाल

क्या हम अफ़ग़ानिस्तान के क़िताल में शरीक हों, हालांकि मुजाहिदीन मुख़्तलिफ गिरोहों और क़यादतों में बंटे हुए हैं ?

मुजाहिदीन के मुख़्तलिफ़ ग़िरोहों और क़यादतों में बंटे होने के बावजूद अफ़ग़ानिस्तान में क़िताल करना हर मुसलमान पर फ़र्ज़ है, क्योंकि हमलावर मुलहिदों के ख़िलाफ़ मुसलमानों के दिफाअ का वाहिद ज़रिया क़िताल ही है और ऐसी कोई दलील मौजूद नहीं जो मुलहिद काफिरों के खिलाफ इस सूरत में लड़ने से मना करती हो जब मुसलमान ज़रूरत से ज़ाइद इस्लामी मज़मूआत और तन्जीमात में बंटे हुए हों। अगर मुजाहिदीन के क़ाईदीन एक से ज़्यादा हों तब भी क़िताल फर्ज़ रहेगा और हर क़ाइद को अपने–अपने मजमूअे का अमीरे–क़िताल तसव्वुर किया जाएगा।

❖ चौथा सवाल ❖

अगर सब लोग जिहाद छोड़ बैठें तो क्या एक मुसलमान तन्हा ही क़िताल करे ?

जी हाँ, मुसलमान की ज़िम्मेदारी तो यही बनती है कि उसे तन्हा भी क़िताल करना पड़े तो करे, क्योंकि अल्लाह अज़्ज़वजल अपने नबी (ﷺ) को मुख़ातिब करते हुए फर्माते हैं:

فَقَاتِلْ فِى سَبِيلِ اللّٰهِ لَا تُكَلَّفُ إِلَّا نَفْسَكَ وَحَرِّضِ الْمُؤْمِنِينَ عَسَى اللّٰهُ أَن يَكُفَّ بَأْسَ الَّذِينَ كَفَرُوا وَاللّٰهُ أَشَدُّ بَأْساً وَأَشَدُّ تَنكِيلاً(84)

"बस तुम जंग करो अल्लाह की राह में, तुम अपनी ज़ात के सिवा किसी के ज़िम्मेदार नहीं, अल्बत्ता मोमिनों को लड़ाई पर उभारो। अल्लाह से उम्मीद है कि वोह काफ़िरों के ज़ोर को तोड़ देगा और अल्लाह सबसे ज़्यादा ज़ोर वाला और सबसे सख़्त सज़ा देने वाला है।" (सूर : निसा 84)

ये आयाते–मुबारक, नबी–ए–अकरम (ﷺ) और आप (ﷺ) के हर उम्मती को दो बातों का हुक्म देती हैं :

1. क़िताल–फ़ी–सबीलिल्लाह का, चाहे तन्हा ही करना पड़े ।
2. मोमिनों को क़िताल पर उभारने का।

और ये दोनों ही काम फर्ज़ हैं, क्योंकि जब किसी काम का हुक्म दिया जाए तो उससे यही मुराद होती है कि उसे पूरा करना फर्ज़ है।

नीज़ अल्लाह रब्बुलइज़्ज़त ने इस आयते–मुबारका में क़िताल की हिक्मत भी बयान फरमा दी है, यानी **"कुफ़्फ़ार का ज़ोर तोड़ना"**, क्योंकि कुफ़्फ़ार तभी हमारे वुजूद से ख़ौफजदा होंगे जब हम उनके खिलाफ़ क़िताल करते रहेंगे।

وَقَاتِلُوهُمْ حَتَّى لَا تَكُونَ فِتْنَةٌ وَيَكُونَ الدِّينُ كُلُّهُ لِلّٰه **(39)**

"और उनसे जंग करो यहां तक कि फितना बाक़ी न रहे और दीन सिर्फ अल्लाह ही के लिए ख़ालिस हो जाए।" (सूर : अन्फाल, 39)

लिहाज़ा क़िताल तर्क़ करने से फितना यानी शिर्क़ फैल जाता है और कुफ़्फ़ार ग़ालिब आ जाते हैं।

सहाबा रिज़्वानुल्लाह अलैहि अज़्मईन ने सूरः निसा की मन्दर्जा–बाला आयत को इन्हीं ज़ाहिरी मअनों में समझा था। अबू इस्हाक़ रह. फर्माते हैं कि *मैंने हज़रत बराअ् बिन आजिब रज़ि. से पूछा : अगर एक शख़्स तन्हा ही मुश्रिकों पर कूद पड़े तो क्या उसका ये फेअल अपने आपको खुद ही हलाक़त में ड़ालने के मुतरादिफ है ? हज़रत बराअ् रज़ि. फर्माते हैं : नहीं (ऐसा नहीं है), क्योंकि अल्लाह ने अपने रसूल(ﷺ) को भेजा और फर्माया : (बस तुम जंग करो अल्लाह की राह में, तुम अपनी ज़ात के सिवा किसी के ज़िम्मेदार नहीं) "अपने आपको हलाक़त में ड़ालने" वाली आयत तो(फ़ी सबीलिल्लाह) ख़र्च करने से मुताअल्लिक़ है।"*

(क़ुर्आन की यह आयत व हज़रत बराअ बिन आजिब रज़ि. का सरीह जवाब इस्लाम में "ख़ुदकुश हमलों" के जायज़ होने का खुला सुबूत है।)

हज़रत बराअ् रजि. ने अपने जवाब के आख़िर में सूरः बक़रह की इस आयत की तरफ इशारा फर्माया है,

"अल्लाह की राह में ख़र्च करो और अपने हाथों अपने आपको हलाक़त में न डालो।"

चुनांचे दुश्मन के खिलाफ तन्हा ही क़िताल करना हलाक़त नहीं, बल्कि अल्लाह की राह में (जान व माल) ख़र्च करने से हाथ खींच लेना हलाक़त है। इमाम इब्नुलअरब रह.**"अहकामुल क़ुर्आन"** में फर्माते हैं : "ऐसे हालात भी पैदा हो सकते हैं जब नफ़ीरे–आम (यानी हर एक का निकलना) फर्ज़ हो जाए। लिहाज़ा दुश्मन जब मुसलमानों की किसी सरज़मीन पर हमलावर हो या उनके किसी इलाक़े को घेर ले तो जिहाद तअय्युन (तरतीब) के

साथ हर एक पर फर्ज़ हो जाता है और तमाम लोगों के लिए जिहाद करना और उसकी खातिर घरों से निकलना लाज़िम हो जाता है। ऐसे में अगर अदाएगी–ए–फर्ज़ में कोताही करें तो गुनाहग़ार होंगे।''

बस अगर नफ़ीरे–आम का हुक्म इस वजह से हो कि दुश्मन हमारे किसी इलाक़े पर क़ब्ज़ा कर लें या मुसलमानों को पकड़ कर क़ैदी बना लें तो सब लोगों पर फर्ज़ हो जाता है कि वोह जिहाद के लिए निकलें और हर हाल में निकलें, ख़्वाह हल्के हों या बोझल, सवार हों या पैदल, गुलाम हों या आज़ाद ...जिसके वालिद ज़िन्दा हों वो उनकी इजाज़त के बग़ैर निकले और जिसके वालिद फौत हो चुके हों वोह भी निकलें, (और जिहाद करता रहे) यहां तक कि अल्लाह का दीन ग़ालिब आ जाए, मुसलमानों की सरज़मीन से दुश्मन का शर दूर हो जाए, इस्लामी सरहदें महफ़ूज़ हो जाएं, दुश्मन रूस्वा हो जाए, सारे मुसलमान क़ैदी आज़ाद हो जाएं ... और इस बारे में उलमा के दर्मियान कोई इख़्तिलाफ नहीं पाया जाता। लेकिन (सवाल ये है कि) अगर सब लोग ही जिहाद छोड़ कर बैठे रहें तो अकेला बन्दा क्या करे ? उसे चाहिए कि वोह कोई क़ैदी तलाश करे और पैसे देकर उसे आज़ाद कराए, और अगर कुदरत रखता हो तो अकेला ही क़िताल करे और अगर उसकी कुदरत भी न रखता हो तो किसी और मुजाहिद को तैयार करे और उसे सामान फराहम करे।''

(अहकामुल–कुर्आन 154/2)

तन्हा क़िताल करना अल्लाह रब्बुल–इज़्ज़त को बहुत खुश करता है !

हक़ीक़त तो ये है कि किसी शख़्स का तन्हा क़िताल करना अल्लाह रब्बुल–इज़्ज़त को बहुत खुश करता है। इमाम अहमद रह. और इमाम अबूदाउद रह. ये हसन हदीस रिवायत करते हैं :

''हमारा इज़्ज़त व जलाल वाला रब उस बन्दे से खुश हो जाता है जो अल्लाह के रास्ते में लड़े, फिर जब वो पस्पा हो (कर भाग) जाए, यानी उसके साथी, तो उसे समझ आ जाए कि (फरार, हराम होने की वजह से) उस पर क्या ज़िम्मेदारी बनती है और वोह वापस लौट आए और (लड़ता रहे) यहां तक कि उसका खून बहा दिया जाए तो (ऐसे मुजाहिद के लिए) अल्लाह तआला अपने फरिश्तों से फर्माते हैं: 'देखो, मेरे इस बन्दे को! ये उस (जज़ा) की रग़बत में जो मेरे पास है और उस (अज़ाब) के खौफ़ से जो मेरे पास है, वापस लौट आया यहां तक कि उसका खून बहा दिया गया।''

पांचवा सवाल

क्या हम ऐसे मुसलमानों के साथ भी मिलकर क़िताल करें जिनकी दीनी तर्बियत नाक़िस (अधूरी) है?

कई लोग, जिनमें बाज़ मुख़्लिसीन भी शामिल हैं, ये सवाल पूछते हैं कि हम अहले–अफ़ग़ानिस्तान के साथ मिलकर कैसे जिहाद करें, जबकि उनमें सच्चे झूठे, हर किस्म के लोग मौजूद हैं, सिरगेट और नस्वार(तम्बाकू) का इस्तेमाल उनके यहां आम है, उनमें से बाज़ तो अपना अस्लाह बेचकर भी पैसा कमाने से गुरेज़ नहीं करते। इसी तरह बाज़ लोगों को ये ऐतराज़ है कि *अहले–अफ़ग़ानिस्तान की अक्सरियत मज़हबे–हनफ़ी के अलावा किसी मज़हब को बर्दाश्त नहीं करती और उनमें बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो तावीज़ वग़ैरह बान्धते हैं। मैं उन चीज़ों का शरई हुक्म बयान करने से पहले एक सवाल पूछना चाहूंगा* : मुझे पूरी दुनिया में कोई एक जगह ऐसी दिखा दें जहां बसने वाले मुसलमानों में इस तरह के मसाइल न पाए जाते हों? तो क्या हम इन मसाइल की वजह से जिहाद से हाथ खींच लें और कुफ़्फ़ार को खुला छोड़ दें कि वोह मुसलमानों की जिस सरज़मीन पर चाहे काबिज़ हो जाएं? जहां चाहे घूमें ?

जहां तक जवाब का ताअल्लुक़ है तो बिलाशुब्हा ऐसे लोगों के साथ मिलकर क़िताल करना भी फ़र्ज़ है जिनकी दीनी तर्बियत नाक़िस हो, क्योंकि क़िताल का हुक्म **दफ़उआज़मुल ज़ररीन** के फ़िक़्ही क़ायदे पर बनी है, जिसमें ये उसूल है कि *जब दो ज़रूरी ज़रर सामने(नुकसानदायक चीज़ें) हों, तो उनमें से ज़्यादा बड़े ज़रर (नुकसान, ख़तरे)को दूर करना तर्जीह क़रार पाएगा।*

ज़ररे–आम को दूर करने के लिए ज़ररे–ख़ास बर्दाश्त कर लिया जाएगा। शदीदतर ज़रर को कमतर ज़रर से ज़ाइल(ख़त्म)किया जाएगा।

(अलमअदाह, रक़म–26)

"जब दो मफासिद का सामान हो तो उसमें से कमतर को इख़्तियार करके ज़्यादा नुक़सानदेह मफ़सदे से बचा जाएगा।"

"जब दो में से एक ख़राबी को इख़्तियार करना नागुज़ीर हो तो कमतर ख़राबी को इख़्तियार कर लिया जाएगा।"

चुनांचे इस मआमले में भी कमतर ख़राबी को इख़्तियार करना लाज़िम है। अब खुद ही फैसला कर लीजिए कि ज़्यादा बड़ी कामयाबी कौनसी है ? कुफ़्फ़ार का अफ़ग़ानिस्तान पर क़ाबिज़ होना और उसे एक काफिर मुल्क बनाकर वहां क़ुर्आन और इस्लाम को मम्नूअ(निषिद्ध) क़रार देना, या फिर एक ऐसी क़ौम के साथ मिलकर जिहाद करना जिसमें बाज़ कमजोरियां या गुनाह पाए जाते हों ?

क़िताल हर नेक और फ़ाजिर मुसलमान के साथ मिलकर किया जाएगा !

इमाम इब्ने–तैमिया रह. **मजमूउलफ़तावा** में फ़र्माते हैं : ''लिहाज़ा अहले–सुन्नत–वल–जमाअ़त के उसूलों में ये बात शामिल है कि क़िताल हर नेक और फ़ाजिर (यानी बद अ़मल मुसलमान)के साथ मिलकर किया जाएगा,क्योंकि रसूलुल्लाह(ﷺ)का फ़र्मान है,

यक़ीनन अल्लाह किसी फ़ाजिर बन्दे से भी इस दीन को तक़्वीयत पहुंचा देते हैं ।'(बुख़ारी,क़िताबुल–जिहाद)

और यह भी कि : ***''यक़ीनन अल्लाह तबारक व तआ़ला इस दीन को ऐसी क़ौमों से भी तक़्वीयत पहुंचाएंगे जिनका भलाई में कोई हिस्सा नहीं होगा।'' (मुसनद अहमद)***

बस जब क़िताल सिर्फ़ फ़ाजिर उमरा या फ़ाजिर लश्कर के साथ मिलकर ही करना मुमकिन हो तो हमारे लिये दो ही रास्ते बाक़ी बचते हैं : या तो उनके साथ क़िताल में शरीक न हुआ जाए, मगर ऐसा करने से वोह (कुफ़्फ़ार) ग़ालिब आ जाएंगे जो हमारे दीन व दुनिया, दोनों के लिए उन (फ़ाजिर मुसलमानों) से कहीं ज़्यादा नुक़सानदेह हैं। या फिर फ़ाजिर अमीर (या फ़ाजिर लश्कर) के साथ मिलकर क़िताल किया जाए और ऐसा करने से ज़्यादा बड़े फ़ुज्जार (यानी कुफ़्फ़ार) को पछाड़ा जा सकेगा और अगर सब नहीं,तो बेशतर इस्लामी शआइर भी क़ायम हो सकेंगे। लिहाज़ा ऐसी सूरत में या इससे मिलती जुलती दीग़र सूरतों में ये दूसरी राह इख़्तियार करना ही फर्ज़ है। बल्कि हक़ीक़त तो ये है कि ख़ुलफ़ा–ए–राशिदीन रज़ि.के अदवार में भी बहुत सी जंगें इसी तरह लड़ी गई।

(यानी इस्लाम में नए–नए दाख़िल होने वाले लोग गिरोह दर गिरोह बग़ैर किसी लम्बी चौड़ी तालीम व तर्बियत के जिहाद में कूद पड़े और सहाबा रजि.ने उनके साथ मिलकर ही जिहाद किया। (मुतर्जिम))

''घोड़े की पेशानी में भलाई रख दी गई है जो क़यामत तक उसके साथ रहेगी,(ये भलाई है जिहाद की) अज्र और माले–ग़नीमत।''

(बुख़ारी, किताबुल–जिहाद)

बस, जब तक अफ़ग़ानिस्तान में बसने वाले लोग मुसलमान हैं उनके साथ मिलकर क़िताल करना फ़र्ज़ है। अफ़ग़ानिस्तान में बुलन्द किया जाने वाला अ़लमे–जिहाद इस्लामी है और वहां बरसरे–पेकार मुजाहिदीन का ऐलान कर्दा हदफ़ भी, ***''ज़मीन पर अल्लाह के दीन का क़याम''*** है, लिहाज़ा आज जिहादे–अफ़ग़ानिस्तान से मुंह फैरने का कोई उज्र नहीं है।

शरिअत के इसी हुक्म पर अमल न करने का नुक़सान हम फ़िलिस्तीन में उठा रहे हैं। अगर इब्तिदाई दौर की तमाम ख़राबियों के बावजूद, मुसलमान फ़िलिस्तीन में जिहाद करते तो ये कभी भी हमारे हाथों से न निकलता। पर उम्मते–मुस्लिमा उस वक़्त हरकत में नहीं आई और देखते ही देखते हालात बहुत बिगड़ गए और जॉर्ज बुश, नायफ़ हवात्मा और फादर कैपीसी (यहूदो–नसारा की बॉडी) के आने के बाद रही सही कसर भी निकल गई। जहां तक अफ़गान मुजाहिदीन की क़यादत का ताअल्लुक़ है, तो वोह सबके सब नमाज़ पढ़ते हैं, रोज़े रखते हैं,दीनी शआइर क़ायम करते हैं और अपने आपको इस्लाम ही से मंसूब करते हैं। अगर मुसलमानों का कोई भी गिरोह कुफ़्फ़ार, अहले–किताब या मुलहिदों के खिलाफ़ लड़ रहा हो तो जब तक वोह(मुजाहिदीन) मुसलमान रहें, उनके साथ मिलकर क़िताल करना फर्ज़ है, ख्वाह वह कितने ही फ़ासिक़ व फ़ाजिर क्यों न हों। इमाम शौकानी रह. नेलुलऔतार में फ़र्माते हैं :

इस बात पर उलमा का इजमाअ है कि काफ़िरों के ख़िलाफ फ़ासिक़ों से मदद लेना जाइज़ है। (नेलुलऔतार–44/8)

छठा सवाल

क्या कमज़ोरी के आलम में हमारे लिए कुफ़्फ़ार से मदद तलब करना जाइज़ है ?

बाज़ लोगों की राय है कि जिहादे–अफ़ग़ानिस्तान के लिए अमरीका और मग़रिबी मुमालिक से मदद तलब करनी चाहिए। इसी तरह बाज़ दीगर लोगों का ख़्याल है कि फिलिस्तीन में यहूद के ख़िलाफ़ जिहाद के लिए रूस से मदद मांगनी चाहिए। *(मालूम हो कि यह फ़तवा रूसी अफ़वाज़ के काबुल पर कब्ज़े व मुजाहिदीन की मज़ाहिमत (प्रतिरोध) के शुरूआती दौर का है। उस वक़्त रूस व अमेरिका में कोल्ड वार भी चल रहा था, मगर आज के हालात में सिर्फ दुश्मन का नाम व चेहरा बदल गया है मगर ज़मीनी हक़ीक़त पहले से भी बदतर हो चुके हैं। हाँ, मुजाहिदीन के सरों पर रूस को मार भगाने के तमग़–ए–इम्तियाज़ जुड़ चुके हैं,जो उनको अपने पुराने तर्जुबात की रोशनी में अमेरिका से जिहाद करने में मददगार साबित हो रहे हैं।(मुतर्जिम))*

मैं ये बात बिल्कुल वज़ाहत से कहना चाहूंगा कि कुफ़्फ़ार से यूं मदद तलब करना, तमाम फुक़हा के नज़दीक हराम है और ऐसा करने का नतीजा यही होता है कि तमामतर कुर्बानियों के बावजूद जिहाद अपने हतमी हदफ तक नहीं पहुंच पाता।

कुफ़्फ़ार से मदद तलब करने के बारे में कई अहादीस वारिद हुई हैं जो बज़ाहिर आपस में (बाहर) टकराती हुई महसूस होती हैं। वोह अहादीस जो मदद तलब करने से मना करती हैं, उनमें दर्जे–ज़ेल रिवायत भी शामिल हैं :

1. सहीह मुस्लिम में रिवायत है कि रसूलुल्लाह (ﷺ) ने बद्र के दिन एक मुश्रिक से फ़र्माया :
"वापस लौट जाओ, क्योंकि मैं किसी मुश्रिक से हरगिज़ मदद नहीं लेता।"
(मुस्लिम, किताबुल जिहाद, नेलुलऔतार–128/7)

एक और हदीसे–मुबारका में यह अल्फ़ाज मिलते हैं, *हम मुश्रिकों के ख़िलाफ़ मुश्रिकों से मदद नहीं तलब करते। (मुसनद अहमद, तबरानी)*

जबकि इसके बरअक्स ये वाक़िया भी सहीह हदीस में मर्वी है कि **सफ़वान बिन उमय्या** मुश्रिक होते हुए रसूलुल्लाह (ﷺ) के साथ गज़्वे में शरीक हुआ। इमाम नौवी रह. *तहज़ीबुल असमा* में फ़र्माते हैं :

"सफ़वान बिन उमय्या काफ़िर होते हुए नबी (ﷺ) के साथ गज़्वा–ए–हुनैन में शरीक हुआ।" (तहज़ीबुल असमा वललुग़ात–263)

नीज़, रसूलुल्लाह (ﷺ) ने हुनैन के दिन सफ़वान बिन उमय्या से ज़िरहें भी उधार लीं और उससे फर्माया *:"(ये चीज़ें) उधार हैं (और तुम्हें) वापस कर दी जाएंगी।"*
(हदीस सही, रवाहुल हाकिम, सहीहुल–जामेअ–3967)

और अहले–सैर के नज़दीक ये वाक़िया भी साबित है कि उहद के दिन रसूलुल्लाह (ﷺ) के साथ **क़ज़मान** नामी शख़्स भी ग़ज़्वे में शरीक हुआ और उसने मुश्रिकों के तीन अलमबर्दारों को क़त्ल किया। रसूलुल्लाह (ﷺ) ने क़ज़मान के बारे में फर्माया :

"बेशक अल्लाह इस दीन की मदद फ़ाजिर शख़्स से भी करवा लेता है।"

अहादीस के इस ज़ाहिरी तआरूज़ की वजह से इस मसले के बाज़ पहलुओं में अहले–इल्म का इख़्तिलाफ़ है। तमाम अहादीस को जमा करते हुए उलमा–ए–किराम मुख़्तलिफ़ आराअ् (रायों) तक पहुंचे हैं, जिनमें से एक राए ये है कि :

"इब्तिदा में मुश्रिकीन से मदद तलब करना *कुल्लियतन* मना था, मगर बाद में कुछ रूख़्सत दे दी गइ। "अलतलख़ीस" में हाफ़िज़ रह. कहते हैं : इमाम शाफ़ई रह. ने इस राए की तसदीक़ की है और उस पर आपका वाज़ेह क़ौल भी मौजूद है।" (नेलुलऔतार–44/8)

अलबत्ता इस बात पर तो चारों फ़ुक़हा का इत्तिफ़ाक़ है अगर दर्ज ज़ैल (नीचे लिखी) शराइत पूरी हो रही हों तो कुफ़्फ़ार से मदद लेना जाइज़ है:

1. इस्लाम का हुक्म ही ग़ालिब हो, यानी मुसलमान इतने ताक़तवर हों कि अगर वोह मुश्रिक जिनसे मदद तलब की जा रही है और वोह जिनके ख़िलाफ मुसलमान क़िताल कर रहे हैं, दोनों इकट्ठे हो जाएं, तब भी मुसलमान उन सब पर ग़ालिब आ जाएं।

2. जिन काफ़िरों से मदद तलब की जा रही हो वोह मुसलमानों के बारे में अच्छी सोच रखते हों और मुसलमानों को उनसे ख़यानत का खदशा (अन्देशा) न हो। ये बात उनके अमली सुलूक और मामलात में बआसानी पता चल सकती है।

3. जिस काफ़िर या जिन कुफ़्फ़ार से मदद तलब की जा रही है, मुसलमान उनकी मदद के वाक़िअतन मुहताज हों।

मसला, जेरे–बहस में मज़ाहिबे–अरबाअ की आराअ

(चारों इमामों की राय)

(अ) हनफ़िया की राए –

इमाम मुहम्मद बिन हसन शहबानी रह. फ़र्माते हैं:

"अगर इस्लाम का हुक्म ही ग़ालिब हो, तो इस बात में कोई हर्ज नहीं कि मुसलमान अहले–शिर्क़ के खिलाफ़ अहले–शिर्क़ से मदद तलब करें ।"

(शरह, किताबुल सीरत : 152)

इमाम जसास रह. फ़र्माते हैं :

"हमारे अ़स्हाब (यानी अहनाफ़) की राए ये है कि : मुश्रिकीन के खिलाफ़ क़िताल में दीगर मुश्रिकीन से मदद ले लेना जाइज़ है, बशर्ते कि जब फ़तह हासिल हो तो इस्लाम का हुक्म ही ग़ालिब आए ।" (अहकामुल–कुर्आनलिल–जसास)

(ब) मालिकिया की राए –

इब्नेक़ासिम रह. फर्माते हैं :

"मेरी राय में कुफ़्फ़ार से यूं मदद लेना कि वोह मुसलमानों के साथ मिलकर लड़ें, दुरूस्त नहीं, अलबत्ता अगर वोह बतौर मल्लाह या ख़ादिम साथ हों तो कोई हर्ज नहीं ।" (अल मुदव्वनह अल कुबरा–40/2)

इसी तरह इमाम मालिक रह. फ़र्माते हैं :

"मेरी राए में मुश्रिकीन के ख़िलाफ़ मुश्रिकीन से मदद लेना जाइज़ नहीं सिवाए इस सूरत में जब बतौर ख़ादिम काम करें ।" (अबकुर्तबी–100/8)

(स) शाफ़िया की राए –

इमाम रमली रह. फ़र्माते हैं :

"इमाम या उसके नाइब के लिए कुफ़्फ़ार, हत्ताकि अहले–हरब से भी मदद लेना जाइज़ है, मसलन (इस सूरत में) जब ये मालूम हो कि (जिन) कुफ़्फ़ार (मदद तलब की जा रही है वोह) हमारे बारे में अच्छी सोच रखते हैं । मगर ये मदद तलब करना तभी जाइज़ होगा जब हमें वाक़िअतन इस बात की ज़रूरत हो कि दुश्मन के ख़िलाफ़ लड़ाई में या बतौर ख़ादिम कोई हमारी मदद करे।"

(नहयातुल मुहताज़–58/8, वतकमिलतलु–मजमुआ–28/19)

(द) हनाबिला की राए –

इमाम इब्ने–कुदामा रह. फर्माते हैं :

"इमाम अहमद से ऐसे अक़्वाल मन्कूल हैं जो मुश्रिकीन से मदद लेने के जवाज़ पर दलालत करते हैं। बल्कि इमाम अहमद रह. के बारे में तो ये भी रिवायत किया गया है कि जम्हूर उलमा की राए के बरख़िलाफ़,आप रह.मुसलमानों के इमाम के साथ जंग में शरीक होने वाले काफ़िर को माले–ग़नीमत में से हिस्सा देने के भी क़ाइल थे ।" (अल–मुग़्नी–414/8)

बाब–हश्तुम (नवाँ अध्याय)

कुफ़्फ़ार से मुआहिदात (समझौते)

मराहिले–जिहाद की तर्तीब को समझना बेहद ज़रूरी है।

कुफ़्फ़ार से सुलह के जवाज़ पर क़लम उठाते हुए बहुत से मुसन्नफ़ीन ठोकर खाते हैं और नुजूले–अहकाम के तारीखी मराहिल जाने बग़ैर ही कुर्आनी आयात से इस्तदलाल करना शुरू कर देते हैं। हमारे लिए इस तर्तीब को जानना नागुज़ीर(ज़रूरी)है,जिसके मुताबिक़ जिहाद से मुताअल्लिक़ कुर्आनी अहकामात बतदरीज नाज़िल होते रहे, यहाँ तक कि अल्लाह तआला ने **सूरः तौबा** की,**"आयते–सैफ़"** नाज़िल फ़र्माई :

وَقَاتِلُوا الْمُشْرِكِينَ كَافَّةً كَمَا يُقَاتِلُونَكُمْ كَافَّةً وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ مَعَ الْمُتَّقِينَ **(36)**

"और उन सब मुश्रिकीन से लड़ो,जैसे कि वोह सब तुमसे लड़ते हैं और ये जान रखो कि अल्लाह तआला मुत्तक़ियों का साथी है।" (सूर :तौबा 36)

فَإِذَا انسَلَخَ الْأَشْهُرُ الْحُرُمُ فَاقْتُلُوا الْمُشْرِكِينَ حَيْثُ وَجَدتُّمُوهُمْ وَخُذُوهُمْ وَاحْصُرُوهُمْ وَاقْعُدُوا لَهُمْ كُلَّ مَرْصَدٍ **(5)**

"बस जहां कही मुश्रिकों को पाओ उन्हें क़त्ल करो, उन्हें पकड़ो, उनका मुहासरा (घेराव) करो और उनके लिए हर घात में तैयार बैठो।" (सूर : तौबा : 5)

कुफ़्फ़ार से क़िताल का हुक्म मुतलक़न दिया जा चुका है।

इमाम इब्ने–क़य्यिम (मराहिले–जिहाद के बारे में) **"ज़ादुलमआद"**में वाज़ेह तौर पर लिखते हैं :

पहला मरहला– *मक्का–मुकर्रमा में जिहाद हराम था।*

दूसरा मरहला– *हिजरत के मौक़े पर इसकी इजाज़त दी गई।*

तीसरा मरहला– *फिर उसके बाद जिहाद का हुक्म दिया गया, मगर सिर्फ उनके खिलाफ़ जो खुद जंग का आग़ाज करें।*

चौथा और आख़िरी मरहला– *और बिलआख़िर तमाम के तमाम मुश्रिकीन के खिलाफ़ जिहाद का हुक्म दे दिया गया।*

इमाम इब्ने–आबेदीन हनफ़ी रह. फर्माते हैं :

''जान लो कि क़िताल के अहकामात तर्तीब से नाज़िल हुए। चुनांचे, इब्तिदा में रसूलुल्लाह (ﷺ) को तब्लीग़ करने और मुशिरिकीन से एअराज़ बरतने का हुक्म था। अल्लाह तआला फ़र्माते हैं :

فَاصْدَعْ بِمَا تُؤْمَرُ وَأَعْرِضْ عَنِ الْمُشْرِكِينَ **(94)**

''बस आपको जिस बात का हुक्म दिया जा रहा है वोह साफ़–साफ़ सुना दीजिए और उन मुश्रिक़ीन से मुंह फेर लीजिए।'' (सूर : हिज्र 94)

फिर आप (ﷺ) को बेहतरीन तरीक़े से बहस करने का हुक्म दिया गया :

ادْعُ إِلَى سَبِيلِ رَبِّكَ بِالْحِكْمَةِ وَالْمَوْعِظَةِ الْحَسَنَةِ وَجَادِلْهُم بِالَّتِي هِيَ أَحْسَنُ **(125)**

''आप अपने रब की राह की तरफ दावत दीजिए हिक़मत से और अच्छी नसीहत से और उनके साथ बहस कीजिए उस तरीक़े से जो बेहतरीन हो।''
(सूर : नहल 125)

फिर मुसलमानों को क़िताल की इजाज़त दी गई :

أُذِنَ لِلَّذِينَ يُقَاتَلُونَ بِأَنَّهُمْ ظُلِمُوا وَإِنَّ اللَّهَ عَلَى نَصْرِهِمْ لَقَدِيرٌ **(39)**

''ज़िन (मुसलमानों) से (क़ाफिर) जंग कर रहे हैं उन्हें भी (मुक़ाबले की) इजाज़त दी जाती है क्योंकि उन पर बहुत ज़ुल्म किया गया है और बेशक अल्लाह उनकी मदद करने पर क़ादिर है।'' (सूर : हज 39)

फिर क़िताल का हुक्म दिया गया, मगर उन हालात के लिए जब दुश्मन हमले में पहल करे:

فَإِن قَاتَلُوكُمْ فَاقْتُلُوهُمْ كَذَلِكَ جَزَاءُ الْكَافِرِينَ **(191)**

''हाँ अगर वोह खुद तुमसे लड़ें तो तुम भी उन्हें क़त्ल करो। ऐसी ही सज़ा है क़ाफिरों के लिए।'' (सूर : बक़र 191)

फिर इस शर्त के साथ क़िताल का हुक्म दिया गया कि जब हराम महीने गुज़र चुके हों :

فَإِذَا انسَلَخَ الْأَشْهُرُ الْحُرُمُ فَاقْتُلُوا الْمُشْرِكِينَ حَيْثُ وَجَدتُّمُوهُمْ وَخُذُوهُمْ وَاحْصُرُوهُمْ وَاقْعُدُوا لَهُمْ كُلَّ مَرْصَدٍ **(5)**

"और जब हुरमत के महीने गुज़र जाएं तो जहाँ कहीं मुश्रिकों को पाओ, उन्हें क़त्ल करो, उन्हें पकड़ो, उनका मुहासरा (घेराव) करो और उनके लिए हर घात में तैयार बैठो।" (सूर : तौबा 5)

और बिलआख़िर कुफ़्फ़ार के खिलाफ़ क़िताल का हुक्म मुतलक़न (आख़िरी शक्ल में) दे दिया गया :

وَقَاتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ الَّذِينَ يُقَاتِلُونَكُمْ وَلَا تَعْتَدُوا إِنَّ اللَّهَ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِينَ **(190)**

"और क़िताल करो अल्लाह की राह में उन लोगों से जो तुमसे लड़ते है और हद से मत बढ़ो, यक़ीनन अल्लाह हद से बढ़ने वालों को पसन्द नहीं करता।"

(सूर : बक़र 190) (हाशिया, इब्ने–आबिदीन– 239/3)

लिहाज़ा नुजूले–आयात के इस ज़मानी मरहले को समझने की अहमियत साफ़ ज़ाहिर है, जिसमें आयते–सैफ़ की सूरत में क़िताल के हत्मी अहकामात नाज़िल हुए।

(जब जिहाद के हतमी अहकामात नाज़िल किए चुके तो अब किसी को ये हक़ नहींकि मौजूदा दौर को मक्की दौर के मिस्ल क़रार देकर जिहाद को मुअत्तल कर दो क्योंकि इस तरह तो आज शराब व सूद की अदम हुरमत का सवाल भी खड़ा हो जाएगा कि मक्की दौर में ये भी हराम न थे। जबकि हमारे सामने अल्लाह का ये हुक्म मौजूद है :

الْيَوْمَ أَكْمَلْتُ لَكُمْ دِينَكُمْ وَأَتْمَمْتُ عَلَيْكُمْ نِعْمَتِي وَرَضِيتُ لَكُمُ الْإِسْلَامَ دِينًا **(3)**

"आज हमने तुम्हारे लिए तुम्हारे दीन को मुकम्मल कर दिया है और अपनी नेअमत तुम पर तमाम कर दी हैं और तुम्हारे लिए इस्लाम के दीन होने पर मैं रज़ामन्द हो गया।" (सूर : माइदा : 3)

अलग़र्ज़ हमारे लिए शरिअत के हतमी अहकामात ही हुज्जत हैं। (मुतर्जिम)

ख़िलाफ़ते–इस्लामिया के क़याम से पहले, मज़ाकरात (बातचीत) व मुआहिदात (समझौते) जाइज़ नहीं !

मैं इब्तिदा ही में इस बात की तरफ इशारा कर देना चाहूंगा कि दावत के इब्तिदाई मराहिल में, जब इसके पास अपने उसूलों के तहफ़्फ़ुज़ के लिए कोई कुव्वत व इक़्तिदार न

हो,किसी क़िस्म के सियासी मज़ाकरात और मकालमे करना जाइज़ नहीं।

वजह ये है कि कमज़ोरी के आलम में मज़ाकरात शुरू कर देने से दावत के बुनियादी उसूल ही ख़तरे में पड़ जाते हैं, दावत अपने असल ख़दो–ख़ाल(शक्लो–सूरत) भी बरक़रार नहीं रख पाती और हक़ व बातिल के एक मेज़ पर इकट्ठे बैठने से लोग भी हक़ को ठीक–ठीक पहचानने में नाक़ाम रहते हैं। अन्जामे–कार नतीजा इसके सिवा कुछ नहीं निकलता कि ये अज़ीम दावत सियासी खेल–तमाशों और बैनुलअक़्वामी साज़िशों में फंस कर ज़ाए हो जाती है। बेशक इस मरहले के लिए तो कुर्आन हमें ये मुहकम हिदायात देता है :

قُلْ يَا أَيُّهَا الْكَافِرُونَ **(1)** لَا أَعْبُدُ مَا تَعْبُدُونَ **(2)** وَلَا أَنتُمْ عَابِدُونَ مَا أَعْبُدُ **(3)**

"कहो, ऐ क़ाफ़िरों ! मैं उसकी इबादत नहीं करता जिसकी तुम इबादत करते हो, ना तुम उसकी इबादत करते हो जिसकी मैं इबादत करता हूँ ..."

(सूर : काफ़िरून 1-3)

ऐसे हालात में तो एक मोमिन का मुअकफ़ ये होता है :

قُلِ ادْعُوا شُرَكَاءَكُمْ ثُمَّ كِيدُونِ فَلَا تُنظِرُونِ **(195)** إِنَّ وَلِيِّيَ اللَّهُ الَّذِي نَزَّلَ الْكِتَابَ وَهُوَ يَتَوَلَّى الصَّالِحِينَ **(196)**

"उनसे कहो कि बुला लो अपने ठहराए हुए शरीकों को, फिर तुम सब मिलकर मेरे खिलाफ़ तदबीरें करो और मुझे हर्गिज़ मुहलत न दो। यक़ीनन मेरा हामी व नासिर वो अल्लाह है जिसने ये किताब नाज़िल की है और वह नेक बन्दों की मदद फ़र्माता है।" (सूर :आराफ़ 195-196)

बस नताइज से बेपरवाह होकर,अपनी बुनियादी दावत का ऐलान कर देना लाज़िम है। दाइयाने–दीन का फ़र्ज़ बनता है कि वोह इस्लाम की हक़ीक़ी दावत को लेकर उठ खड़े हों और उसे बिला कमो–कास्त दुनिया के सामने पेश कर दें ,ताकि उन्हें भी आज़माइश की बेड़ियों से गुज़ारा जाए, उन्हें भी तकलीफ का सामना करना पड़े, यहां तक कि पेहम सब्र व इस्तिक़ामत की ईमानी तपिश उन्हें कुन्दन बना ड़ाले।

पूरे मक्की दौर में रसूलुल्लाह (ﷺ) और आप के सहाबा रज़ि. इसी दो टूक मुअक़िफ़ पर जमे रहे। हाँ,अलबत्ता एक मर्तबा इस्लामी ख़िलाफत क़ायम हो जाए तो उसके बाद मुआहिदात करने में कोई चीज़ रूकावट नहीं होती।

कुफ़्फ़ार से मुआहिदा करने की शराइत !

कुफ़्फ़ार से मुआहिदा व सुलह करने के मसले में उलमा का इख़्तिलाफ़ है, बाज़ उलमा ने सुलहे–हुदैबिया को मिसाल बनाते हुए इसकी इजाज़त दी है। बाज़ ने सिर्फ उन हालात के लिए इजाज़त दी है जब मुसलमान इन्तिहाई कमज़ोर हों और बाज़ ने सुलह करने को हर हाल में नाजाइज़ क़रार दिया है, क्योंकि उनके नज़दीक *''आयाते–सैफ़''* ने कुफ़्फ़ार के साथ मुआहिदा के हर जवाज़ को मन्सूख कर दिया है ।

हम ये कहते हैं कि अगर कुफ़्फ़ार से मुआहिदा करने में मुसलमानों की मस्लिहत हो तो ऐसा करना जाइज़ है, बशर्ते कि मुआहिदे की शर्तों में कोई ऐसी बात न पाई जाती हो जो इस मुआहिदे को शरिअत की रू को बातिल या फासिद कर ड़ाले। मसलन :

1. कोई ऐसी शर्त शामिल न हो जो मुसलमानों की गज़ भर ज़मीन भी कुफ़्फ़ार को दे।

ये बात किसी तौर जाइज़ नहीं कि मुआहिदे में कोई ऐसी शर्त शामिल हो जो मुसलमानों की गज़ भर ज़मीन भी कुफ़्फ़ार को दे या उस पर उनका क़ब्ज़ा तस्लीम करे।

(नहायातुल मुहताज–58/8)

(कुफ़्फ़ार को किसी मुस्लिम सरज़मीन पर अड्डे (जैसेकि क़तर,बहरीन,सऊदी अरब में) फ़राहम करना भी इसी उसूल की रू से हराम है व पाकिस्तान का कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा चीन को दे देना भी कुछ ऐसा ही है। (मुतर्जिम))

सरज़मीने–इस्लाम चूंकि किसी की ज़ाती मिल्कियत नहीं, इसलिए इसे अमलन कुफ़्फ़ार के हवाले करना तो बहुत दूर की बात है, किसी को ये हक़ भी नहीं पहुंचता कि इस बारे में मज़ाकरात (बातचीत) तक करे। ऐसी कोई भी शर्त मुआहिदे को बातिल कर देती है, क्योंकि ज़मीन दरहक़ीक़त अल्लाह की और फिर अल्लाह के दीने–इस्लाम की है और किसी को ये हक़ नहीं कि वोह किसी दूसरे की मिल्कियत में दखल दे, या कोई ऐसी चीज़ बेचे या तोहफ़े में दे ड़ाले जिसका वोह सिरे से मालिक ही नहीं।

चुनांचे जब तक रूस अफ़ग़ानिस्तान (और अब चेचेन्या वग़ैरह) का आखिरी गज़ तक खाली नहीं कर देता, जब तक यहूदी पूरे फ़िलिस्तीन से निकल नहीं जाते(और अब इसी तरह अमरीका, बर्तानिया और दीगर सलीबी मुमालिक इराक़ व अफ़ग़ानिस्तान से भाग नहीं जाते, जज़िरा–ए–अरब और दीगर मुस्लिम इलाक़ों में क़ायम अड्डे ख़त्म नहीं कर देते(मुतर्जिम) ... तब तक उनमें से किसी से भी मज़ाकरात करना जाइज़ नहीं !

2. जब जिहाद फ़र्ज़े–ऐन हो जाए तो दुश्मन से सुलह के तमाम मुआहिदे(समझौते व सुलह) बातिल हो जाते हैं।

जब जिहाद फ़र्ज़े–ऐन हो जाए तो दुश्मन से सुलह के तमाम मुआहिदे बातिल हो जाते हैं,मसलन जब दुश्मन मुसलमानों की किसी भी सरज़मीन पर हमला कर दे या मुसलमानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों में हो तो सुलह का कोई मुआहिदा बरक़रार नहीं रहता। *''फ़तहुल उला अल मालिक''*में सुलह और मुआहिदात के मौजू के तहत *''अलमेअयार''* के बाबुल जिहाद के हवाले से ये वाज़ेह फ़तवा मौजूद है।

''अगर ख़लीफ़ा ईसाइयों से सुलह के मुआहिदे पर दस्तख़त कर दे, मगर मुसलमानों को साफ़ नज़र आ रहा हो कि उस वक़्त उनके लिए जिहाद ही का हुक्म है, तो ख़लीफ़ा की जानिब से किया गया मुआहिदा टूट जाएगा और उनका ये फ़ेअल मरदूद ठहरेगा।'' (फतहुल उला अलमालिक–182/1)

चुनांचे जहाँ कहीं भी जिहाद फ़र्ज़ होगा, सुलह करना जाइज़ न रहेगा, मसलन जब दुश्मन मुसलमानों पर ग़ालिब हो। इसी तरह जिहाद के फ़र्ज़े–ऐन होने की दीगर जितनी सूरतें हम पहले ज़िक्र कर चुके हैं, उन सब में भी सुलह करना मना है,क्योंकि सुलह करने का लाज़िम नतीजा यही निकलेगा कि अल्लाह तआला की जानिब से आइदकर्दा एक फ़र्ज़े–ऐन,यानी जिहाद की अदायगी ग़लत क़रार पाएगी, जबकि बालादस्त हाथ कुफ़्फ़ार ही का रहेगा, हालांकि दिफ़ाई जिहाद में तो मतलूब ही ये होता है कि कुफ़्फ़ार की शौक़त तोड़कर मुसलमानों को उनके शर से निजात दिलाई जाए।

क़ाज़ी इब्ने–रूश्द नक़ल करते हैं कि *उलमा इस बात पर मुत्तफ़िक़ हैं कि अगर जिहाद फ़र्ज़े–ऐन हो जाए तो उसकी फ़र्ज़ियत ''फ़र्ज़े–हज'' से भी बढ़कर होती है। क्योंकि जिहाद जब फर्ज़ हो जाए तो उसकी फ़ौरी अदाएगी लाज़िम होती है, जबकि हज को मुअख़्ख़र करने की शायद फिर भी कोई गुंजाइश मौजूद हो।*

